नई दिल्ली

नई दिल्ली रविवार, 3 नवंबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 23, अंक : 227

पृष्ठ 12+4 मूल्य 3.00 *

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 33.0

न्यून. 17.3



10 रोहित तोड़ेंगे कोहली का रिकार्ड

## खबर संक्षेप

### सोनिया ने हुड्डा को विधायक दल का नेता नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिन्दर सिंह हुड्डा को राज्य में पार्टी विधायक दल का नेता नियुक्त किया। पार्टी महासचिव एवं हरियाणा प्रभारी गुलाम नबी आजाद ने यहां संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को विधायक दल की बैठक में नेता नियुक्त करने संबंधी निर्णय सोनिया गांधी पर छोड़ा गया था। पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री ने सोनिया को रिपोर्ट दी जिसके बाद उन्होंने हुड्डा को विधायक दल का नेता नियुक्त किया।



### सिद्धू ने पाक की यात्रा के लिए केंद्र से अनुमति मांगी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने पाकिस्तान में करतारपुर गलियारे के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए शनिवार को विदेश मंत्रालय से अनुमति मांगी। क्रिकेटर से नेता बने सिद्धू ने इस संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को भी एक पत्र लिखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे पत्र में सिद्धू ने कहा कि उन्हें नौ नवंबर को करतारपुर साहिब गलियारे के उद्घाटन समारोह के लिए पाकिस्तान सरकार द्वारा आमंत्रित किया गया है।




### सीआरपीएफ हमलाः चार आतंवादियों को मौत औ एक को उम्र कैद सजा

**रामपुर।** सीआरपीएफ कांड में अदालत ने चार आतंकियों को सजा-ए-मौत, एक आतंकी को उम्र कैद, एक अन्य को दस साल की सजा सुनाई है। रामपुर कोर्ट के एडीजे तृतीय संजय कुमार सिंह ने यह सजा सुनाई। सजा का ऐलान होते ही रामपुर कचहरी में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई। गौरतलब है कि इस मामले में शुक्रवार को आठ आरोपियों में से छह को कोर्ट ने दोषी करार दिया था। जबकि दो आरोपियों पर आरोप साबित नहीं हो सके थे।



### पंचकूला हिंसाः हनीप्रीत के खिलाफ देशद्रोह के आरोप हटाये गये

**पंचकूला।** यहां की एक अदालत ने 2017 में पंचकूला हिंसा मामले में हनीप्रीत इंसां और 35 अन्य आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह के आरोप शनिवार को हटा दिये। हनीप्रीत डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की कथित तौर पर गोद ली हुई बेटी है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय संधीर ने हालांकि बलात्कार मामलों में डेरा प्रमुख को दोषी ठहराये जाने के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में हनीप्रीत और अन्य डेरा अनुयायियों के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किये हैं।



### महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक के लिए किया क्वॉलीफाइ

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने कमाल कर दिया है। हॉकी ओलिंपिक क्वॉलिफायर के दूसरे मुकाबले में यूएसए के खिलाफ हारने के बाद भी उसने तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ कर लिया है। दरअसल, उसने एग्रीगेट के आधार पर यूएसए को 6-5 से दी शिकस्त दी। बता दें कि भरतीय महिला टीम ने पहले लेग (पहले मैच) में यूएसए की टीम को 5-1 के बड़े अंतर से हराया था।



(खेल पेज भी देखें)

## तीस हजारी कोर्ट: पार्किंग को लेकर हुई थी झड़प

# पुलिस ने हंगामे के बीच चलाई गोलियां गुस्साए वकीलों ने फूंके कई वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तीस हजारी कोर्ट में शनिवार को वकीलों और पुलिस के बीच जमकर झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मियों द्वारा गोली चलाए जाने के बाद गुस्साये वकीलों ने पुलिस के कई वाहनों में आग लगा दी। वकीलों ने आरोप लगाया कि उनके दो सहयोगी घायल हो गए। इसमें एक पुलिस की गोलीबारी में घायल हुआ। हालांकि, पुलिस ने इनकार किया कि उनकी तरफ से कोई गोली चलायी गई। बार एसोसिएशनों ने घटना की निंदा की और चार नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में सभी जिला अदालतों में एक दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया।

तीस हजारी बार एसोसिएशन के सचिव जयवीर सिंह चौहान ने बताया कि एक वकील की कार, पुलिस की जेल वैन को छू गयी जिसके बाद वकीलों और पुलिसकर्मियों के बीच बहस हो गयी। चौहान ने आरोप लगाया कि इसके बाद उन्हें हवालात ले जाया गया और बुरी तरह पीटा गया। थाना प्रभारी आए लेकिन भीतर जाने नहीं दिया गया। मध्य और पश्चिमी जिले के जिला न्यायाधीश, छह अन्य न्यायाधीशों के साथ वहां गए लेकिन वकील को नहीं निकलवा पाए। आगे उन्होंने दावा किया कि न्यायाधीश जब जा रहे थे तो 20 मिनट बाद पुलिस ने चार चक्र गोलियां चलायी। उन्होंने दावा किया कि अन्य वकीलों के साथ बाहर में प्रदर्शन कर रहे एक वकील रंजीत सिंह मलिक गोली से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि झड़प के दौरान एक वाहन में आग लगा दी गयी और आठ अन्य को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। दमकल विभाग ने मौके पर 10 गाड़ियों को भेजा। झड़प के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और दंगा रोधी वाहनों को तैनात किया गया। बहरहाल, अदालत परिसर के द्वार के सामने बैठकर प्रदर्शन करते हुए वकीलों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने घटना के दौरान गोली चलायी और इसमें संलिप्त कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के अध्यक्ष के सी मित्तल ने कहा कि हम तीस हजारी अदालत में पुलिस द्वारा वकीलों पर बर्बर और बिना किसी उकसावे के हमले की कड़ी निंदा करते है। एक वकील की हालत नाजुक है। हवालात में एक वकील को पीटा गया। पुलिस ने घोर लापरवाही दिखायी। उन्हें बर्खास्त करना चाहिए और उनपर मुकदमा चलना चाहिए। हम दिल्ली के वकीलों के साथ खड़े हैं।




### खतरे में थी पुलिस-कैदियों की जानः डीसीपी

तीस हजारी कोर्ट में पुलिस और वकीलों के बीच झड़प के बाद मौके पर मौजूद अडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) हरेंद्र सिंह ने कहा है कि मामूली विवाद के बाद वकीलों ने हमला बोल दिया और उन्होंने लॉकअप में भी आग लगा दी। फायरिंग के आरोप पर उन्होंने कहा है कि यदि किसी को गोली लगी होगी तो यह मेडिकल रिपोर्ट में साफ हो जाएगा। हरेंद्र सिंह ने मीडिया को घटनाक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि 'पार्किंग को लेकर तीसरी बटालियन के जवानों और वकीलों के बीच विवाद हुआ। कुछ और वकील वहां आ गए। वे लॉकअप के अंदर घुसकर बदला लेना चाहते थे। हमने उन्हें अंदर नहीं आने दिया। हमने पुलिस जवानों और कैदियों की जिंदगी बचाने के लिए लॉकअप को अंदर से बंद कर लिया। जब वकील अंदर नहीं आ पाए तो उन्होंने आग लगाकर लॉकअप तोड़ने की कोशिश।

## 'स्वास्दी कार्यक्रम' में बोले पीएम मोदी

# भारत, थाइलैंड और म्यांमार हाईवे शुरू होने से बढ़ेगा व्यापार और पर्यटन

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड में रहने वाले प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंकॉक में पहला नार्थ ईस्ट फेस्टिवल मनाने का भी यही उद्देश्य था, जब भारत थाईलैंड और म्यांमार हाईवे शुरू हो जायेगा तो पूरे इलाके में ट्रेड और टूरिस्म बढ़ने के साथ एकता को बल मिलेगा। मेरी संसदीय क्षेत्र से बैंकॉक के लिए फ्लाइट बहुत पॉपुलर हुई है, इसलिए बौद्ध टूरिस्ट भारत आते हैं। नॉर्थ इस्ट इंडिया को हम थाइलैंड से जोड़ने के लिए हम काम कर रहे हैं। हम आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए आईआईटी में छात्रवृति दी जाएगी। काउंसलर सर्विस को और आसान बनाने पर हम काम कर रहे हैं।



### अनुच्छेद 370 और करतारपुर का जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए आर्टिकल 370 को खत्म किए जाने का खास अंदाज में जिक्र किया। भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने थाईलैंड के साथ भारत के हजारों साल के ऐतिहासिक संबंधों का भी जिक्र किया। भारत की पिछली 5 साल की उपलब्धियों से दुनियाभर में भारतीय मूल के लोग गर्व कर रहे हैं। अब दुनियाभर में भारतीय मूल के लोग गर्व से बताते हैं कि हम भारतीय मूल के हैं।

### थाईलैंड के कण-कण और जन-जन में अपनापन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक के निमिबुत्र स्टेडियम में 'स्वास्दी पीएम मोदी' कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि थाईलैंड के कण-कण और जन-जन में अपनापन नजर आता है। ये रिश्ते दिल, आत्म, आस्था और अध्यात्म के हैं। थाईलैंड में भारत के पूर्वांचल से काफी लोग आए और आज पूर्वी भारत में सूर्यदेव और छठी मैया की उपासना का महापर्व धूमधान में मनाया जा रहा है। मैं थाईलैंड में रहने वाले सभी साथियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं देता हूं।

## दिल्ली प्रदूषणः कैप्टन अमरिंदर ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

सीएम केजरीवाल द्वारा लगातार पंजाब-हरियाणा को कठघरे में खड़ा करने के बाद अमरिंदर ने चिट्ठी के जरिए रखा पंजाब का पक्ष

# पराली प्रबंधन के लिए किसानों को अलग से बोनस देने की मांग की

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण की वहज से गैस चैंबर हुई है। दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। हेल्थ इमरजेंसी लगने के बाद भी हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। राजधानी में हालात शुक्रवार जैसे ही हैं और कुछ जगहों पर तो ज्यादा खराब हो गए हैं। इस सब के बीच पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिट्ठी लिखी है। पंजाब के किसानों को पराली जलाने से नहीं रोक पाने के लिए दोष मढ़े जाने पर क्षोभ प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पराली प्रबंधन के लिए किसानों को अलग से बोनस देने की मांग की। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी में बढते वायु प्रदूषण के लिए लगातार पड़ोसी राज्यों-हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।



### जावड़ेकर आज करेंगे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को एक पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों के साथ संयुक्त बैठक बुलाने की मांग की है। हालांकि जावडेकर ने पहले ही कल रविवार को इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है।

■ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लिखा केंद्र को पत्र

### एक्यूआई अब भी 'गंभीर' स्तर पर

देश की राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 407 रहा लेकिन अब भी यह 'गंभीर' श्रेणी में ही है। शुक्रवार शाम चार बजे एक्यूआई 484 था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई सुबह 10 बजे क्रमशः 459 और 452 रहा। शुक्रवार शाम चार बजे यह 496 था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पीएम 2.5 का स्तर सुबह 10 बजे 269 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। पीएम 10 का स्तर 436 रहा।



### केजरीवाल ने जावड़ेकर के हस्तक्षेप की मांग की


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को शनिवार को पत्र लिखकर प्रदूषण संबंधित समस्याओं में उनके हस्तक्षेप और पराली जलाने के मुद्दे से निपटने के लिए एक ठोस योजना पर काम करने की मांग की। केजरीवाल ने पत्र में लिखा है कि प्रदूषण के उच्च स्तर से न केवल नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो रहा है बल्कि यह यहां की यात्रा पर आने वाले गणमान्य लोगों की नजर में भारत की गलत छवि को भी पेश करता है।



# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्रों में प्रदर्शित करने वाला देश का नया मानचित्र जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने नवगठित केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के नक्शे और उन्हें केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में दर्शाने वाला भारत का नया मानचित्र शनिवार को जारी किया। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में करगिल तथा लेह दो जिले हैं और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य का शेष हिस्सा नए जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में है। इससे पहले पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में 1947 में कठुआ, जम्मू, ऊधमपुर, रियासी, अनंतनाग, बारामूला, पुंछ, मीरपुर, मुजफ्फराबाद, लेह और लद्दाख, गिलगित, गिलगित वजारत, चिल्हास और ट्राइबल टेरिटॅरी 14 जिले थे। 2019 तक पूर्ववर्ती जम्मू - कश्मीर राज्य की सरकार ने इन 14 जिलों के क्षेत्रों को पुनर्गठित करके 28 जिले बना दिए थे। नए जिलों के नाम थे - कुपवाड़ा, बांदीपुर, गांदेरबल, श्रीनगर, बड़गाम, पुलवामा, शोपियां, कुलगाम, राजौरी, रामबन, डोडा, किश तवाड़, साम्बा और करगिल। इनमें से करगिल जिले को लेह और लद्दाख जिले के क्षेत्र से अलग करके बनाया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने 1947 के लेह और लद्दाख जिलों के बाकी क्षेत्रों के अलावा 1947 के गिलगित, गिलगित वजारत, चिल्हास और ट्राइबल टेरिटरी जिलों के क्षेत्रों को समावेशित करते हुए जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (कठिनाइयों को हटाना) दूसरे आदेश, 2019 द्वारा नए लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के लेह जिले को परिभाषित किया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार नक्शों को जारी किया गया है जिनमें 31 अक्टूबर 2019 को सृजित नए जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश और नए लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश को दर्शाया गया हैं। इसके अलावा भारत का नया नक्शा जारी किया गया है।



नई दिल्ली में शनिवार को जम्मू कश्मीर और लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने के बाद भारत सरकार ने दोनों प्रदेशों का नया नक्शा जारी किया गया।

### अयोध्या मामले पर मुस्लिम संगठनों एवं बुद्धिजीवियों की बैठक

**नई दिल्ली।** राम मंदिर-बाबरी मस्जिद मामले पर उच्चतम न्यायालय के संभावित निर्णय से कुछ दिनों पहले शनिवार को देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों, उलेमा और बुद्धिजीवियों की बैठक हुई जिसमें सभी पक्षों से अदालती फैसले को स्वीकार करने और शांति बनाए रखने की अपील की गई। कई मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि समूह 'ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत' की ओर से बुलाई गई इस बैठक में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, मुशावरत के प्रमुख नावेद हामिद, 'मरकजी जमीयत अहले हदीश हिंद' के प्रमुख मौलाना असगर अली इमाम सलफी, ऑल इंडिया उलेमा एंड मशायख बोर्ड के प्रमुख मौलाना अशरफ किछौछवी, पूर्व नौकरशाह वजाहत हबीबुल्ला, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी तथा कई अन्य मौलाना एवं मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी शामिल हुए।

## नई तकनीक से शरीर से टिश्यू लेने या चीर-फाड़ करने की जरूरत भी नहीं होगी

# 30 सेकंड में मुंह के कैंसर का पता लगा लेगी आंको डायग्नो स्कोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआर कैट) के वैज्ञानिक डॉ. शोवन मजूमदार ने 90 के दशक में अमेरिका में कैंसर पर एक शोधपत्र प्रस्तुत किया था। दो-तीन वर्ष बाद इस पर काम करना चालू किया। लगभग तीन दशक तक शोध और कई बदलाव करने के बाद जो मशीन तैयार की, उसका डेढ़ हजार से अधिक मरीजों पर चिकित्सकों ने सफल परीक्षण किया। बेहतर परिणाम मिलने के बाद इसका लोकार्पण किया गया। इस मशीन से 30 सेकंड में मुंह के कैंसर का पता लगाया जा सकता है। इससे गर्भाशय के कैंसर के परीक्षण के लिए भी डेटाबेस तैयार किया जा रहा है।



### हर छह सेकंड में होती है एक कैंसर पीड़ित की मौत

अहमदाबाद से आए डॉ. जयेश डी. पटेल ने कहा कि कैंसर लगातार भयावह होता जा रहा है। पहले कैंसर के मामले चर्चा में होते थे क्योंकि कम होते थे। अब मामले इतने बढ़ गए हैं कि चर्चा भी नहीं होती। देश में हर साल 10 लाख लोग कैंसर से मरते हैं और 15 से 18 लाख नए लोगों को कैंसर होता है। लोग तंबाकू को मुंह में दबाए रखते हैं जो मुंह के कैंसर का सबसे बड़ा कारण है।

### मोटापा बढ़ना भी हो सकता है कैंसर का कारण

इंडियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल एंड पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी बेंगलुरु के अध्यक्ष डॉ. के. गोविंद बाबू ने बताया कि वेस्टर्न लाइफ स्टाइल कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। फास्ट फूड, स्मोकिंग, ड्रिंकिंग हैबिट्स के कारण मोटापा बढ़ता है। यह कैंसर व अन्य बीमारियों का कारण बनता है।

### कैंसर पर तीन दिवसीय सम्मेलन

इंडियन सोसायटी ऑफ ऑन्कोलॉजी और इंडियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल एंड पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी द्वारा कैंसर विशेषज्ञों का तीन दिवसीय सम्मेलन विजयनगर में शुक्रवार से किया जा रहा है। इसमें अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश नेपाल, भूटान, मालदीव, सऊदी अरब से कैंसर विशेषज्ञ पहुंचे हैं। सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ शाम को आरआर कैट राजेंद्र नगर में किया गया। इसमें अभिनेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा ने कैंसर की जांच के लिए तैयार मशीन आंको डायग्नो स्कोप का लोकार्पण भी किया।

### 5 लाख लोगों को मुंह का कैंसर

विजय नगर स्थित एक निजी होटल में हो रहे सम्मेलन में आयोजन समिति के सचिव डॉ. एसएस नैयर ने बताया कि देश में 5 लाख लोगों को मुंह का कैंसर है जबकि 4 लाख महिलाओं को गर्भाशय का कैंसर है। ये मशीन कैंसर के इलाज के लिए वरदान साबित होगी। डॉ. एमएस गुजराल ने बताया कि 'कैंसर इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट : हाउ टू मैनेज बेटर' थीम पर यह सम्मेलन हो रहा है। इसका मकसद दुनियाभर में चल रहे शोधों और उनके परिणामों से कैंसर प्रैक्टिशनर्स को रूबरू कराना है। पहले दिन कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर की बीमारी की जटिलता, उसके इलाज की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी ।

### सोपोर में कुछ आतंकवादी सक्रिय हैः डीजीपी

**श्रीनगर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने शनिवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के सोपोर में लश्कर के एक स्वयंभू कमांडर समेत कुछ आतंकवादी सक्रिय है और वे दुकानदारों और फल व्यापारियों समेत लोगों को धमकी दे रहे है। उन्होंने कहा कि हालांकि सुरक्षा बल आतंकवादियों के मंसूबों को नाकाम कर देंगे। उन्होंने कहा कि सोपोर और घाटी के अन्य हिस्सों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। सिंह ने सोपोर में एक पुलिस थाना इमारत का निरीक्षण करने के बाद कहा कि शहर को ज्यादातर आतंकवादियों से मुक्त कर दिया गया है और इसे पूरी तरह से आतंकवाद मुक्त बनाने के प्रयास किये जा रहे है।





# दिल्ली में छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर लिया छठी मैया का आशीर्वाद

पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाए जाने वाला छठ पर्व दिल्ली में भी बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए दिल्ली के करीब 1100 घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यमुना के किनारे बने घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूर्ण विधि विधान से छठ मैया की पूजा शुरू की। व्रतियों ने यमुना के पानी में पूजा का सामान सिर पर रखकर शनिवार शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही व्रतियां पानी से निकलेगी और अपना उपवास तोड़ेगी। दिल्ली में छठ पर्व मनाए जाने की बात की जाए तो इस बार दिल्ली सरकार की ओर से पूरी दिल्ली में 11 सौ से भी अधिक छठ घाट बनाए गए। इनमें 30 घाट यमुना के किनारे बनाए गए। यमुना के किनारे घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। इस बार भी इन घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। घाटों पर व्यापक इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए गए। पुलिस जवानों के अलावा स्वयं सेवक भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए। नदी में सुरक्षा के लिए नावों के साथ गोताखोरों को विशेष रूप में तैनात किया गया है। वहीं घाटों पर पंडाल बनाकर सांस्कृति कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था की गई है।

## छठ घाट पहुंच केजरीवाल ने लिया छठी मैया का आशीर्वाद



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल छठ के पावन अवसर पर बुराड़ी स्थित बजरंगी घाट पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान भास्कर की आराधना की। लोगों को छठ महापर्व की बधाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि छठ के महापर्व पर सभी को बधाई। छठ का महापर्व आपके परिवार में खुशियां और समृद्धि लेकर आए। आपके लिए दिल्ली सरकार ने सारी सुविधाएं घाट पर दी हैं। पांच साल पहले दिल्ली में 73 होते थे।अब छोटे बड़े मिलाकर 1200 घाट कर दिए हैं। मेरी कोशिश है कि आपका कुछ पैसा बचे जो किसी और जरूरी काम में लगे।

## सोनिया विहार यमुना तट पर पहुंचे मनोज तिवारी



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने शनिवार को सोनिया विहार के लगभग 6 किलोमीटर लंबे यमुना तट पर एवं केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने छठ पूजा से संबंधित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। तिवारी ने दूसरा पुस्ता सोनिया विहार से बुराड़ी तक के लगभग 7 किलोमीटर लंबे यमुना तट के किनारे भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर रहे व्रत धारियों का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया। इस दौरान तिवारी ने कहा कि यह पर्व पूर्वांचलवासियों का सबसे बड़ा पर्व है, ये उनकी संस्कृति है। यह पर्व बिहार कि वैदिक आर्य संस्कृति कि एक झलक दिखाता है। उन्होंने छठ व्रत धारियों से निवेदन किया कि इस बार दिल्ली के सुख संबृद्धि की कामना करें।

## छठ मईया की रहे असीम कृपा : विजेंद्र

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सूरज पार्क बादली, राजा विहार, सेक्टर-15,रजापुर गांव, नाहरपुर गांव के छठ घाटों पर छठव्रतियों के बीच पहुंच छठ की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने छठ व्रतियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। और कहा कि छठ मईया की असीम कृपा दिल्ली वसियों पर विशेष रूप से बरसेगी।

# रिश्ता खत्म करना चाहती थी महिला तो उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ लिव-इन पार्टनर ने भाइयों के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम

■ तीन गिरफ्तार, एक फरार

■ सीसीटीवी की मदद से मृतका की हुई थी शिनाख्त

बवाना थाना पुलिस ने सूटकेस के अंदर मिली महिला की लाश की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नोमान (30), अरमान (26) और शमशाद (30) है। पुलिस ने आरोपियों के पास से महिला का बैग, फोन और एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि गत 18 अक्टूबर सुबह करीब 9:40 बजे पुलिस को सोसायटी स्टैड के पास सूटकेस में एक महिला का शव मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी बवाना की देखरेख में एक टीम का गठन किया। टीम में एसएचओ, धर्मदेव, एसआइ विजय, एएसआइ विनोद, हेड कांस्टेबल प्रवीन, कांस्टेबल दिनेश और संदीप के अलावा नितिन मौजूद रहें। टीम को रोहिणी, नॉर्थ, वेस्ट और आउटर जिले में गुमशुदा लोगों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए भेजा गया। इसके अलावा पुलिस टीम ने महिला की पहचान के लिए ई-रिक्शे पर अनाउंसमेंट और इलाके में पर्चे भी बांटे। पुलिस टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पुलिस को फुटेज में एक ऑटो रिक्शा कराला की तरफ से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी की मदद से ऑटो का पीछा किया। तो टीम को पता चला कि कुछ दिनों से शकूरपुर से एक महिला लापता थी। बाद में मृतक की शिनाख्त नेहा पटेल उर्फ पूजा के रूप में हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि पूजा एक माह से लुकमान नामक युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। पुलिस ने शकूरपुर स्थित पूजा के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो 16-17 अक्टूबर की रात को लुकमान अपने भाइयों के साथ एक बैग को घसीटते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने बाद में तीनों आरोपियों को गुप्त सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लुकमान अभी भी फरार है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि पूजा आरोपी लुकमान से तंग आ गई थी। वह आरोपी के साथ रिश्ता खत्म करना चाहती थी, लेकिन आरोपी लुकमान इस बात के खिलाफ था। इसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था। लुकमान ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

## खबर संक्षेप

### जासूसी के शक में पूर्व सैन्य अधिकारी से कई घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के एक पूर्व अधिकारी को जासूसी के शक में हिरासत में लिया गया है। पूर्व अधिकारी पर विदेशी जांच एजेंसियों के लिए जासूसी करने का शक है। शनिवार को पूर्व सैन्य अधिकारी से दिल्ली कैंट थाने में लोकल पुलिस, आईबी और स्पेशल सेल द्वारा दिन भर पूछताछ चलती रही। बताया जाता है कि यह पूर्व सैन्य अधिकारी बीते कई सालों से कनाडा में रह रहा था। हालांकि, सैन्य अफसर के नाम का खुलासा पुलिस की तरफ से नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक हिरासत में लिए गए अधिकारी पर पिछले कुछ समय से नजर रखी जा रही थी। जांच एजेंसियां और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अधिकारी शनिवार दिनभर पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश करते रहे कि अधिकारी के द्वारा किन दस्तावेजों को लीक किया गया। संदिग्ध जासूस के हिरासत में होने की पुष्टि दिल्ली कैंट थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर समीर श्रीवास्तव ने की है। इंस्पेक्टर समीर श्रीवास्तव ने कहा, अभी इस पर काफी कुछ खुलकर कहना मुश्किल है। स्पेशल सेल के अधिकारी और आईबी अफसर पूछताछ कर रहे हैं। देर शाम तक कुछ ठोस निकल कर अभी तक सामने नहीं आया है। मामला हाईप्रोफाइल और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की जासूसी का है इसलिए, दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। स्पेशल सेल के डीसीपी पी एस कुशवाहा से फोन पर संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि पूर्व आर्मी अफसर अभी हिरासत में ही है।

### शादी का झांसा देकर छह साल तक रेप का आरोप

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सरोजनी नगर इलाके में एक युवक और युवती ने छह साल तक संबंध बनाये। अब युवती ने शादी का झांसा देकर रेप का केस दर्ज करवाया है। युवती का कहना है कि युवक के शादी से मुकर जाने पर वह डिप्रेशन में आ गई और उसने खुदकशी की कोशिश भी की। युवती ने आरोपी द्वारा जान से मारे जाने की धमकी की बात भी अपनी शिकायत में कहीं है। बहरहाल आरोपों के मद्देनजर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में 29 साल की युवती ने कहा कि वह परिवार के साथ लक्ष्मीबाई नगर एरिया में रहती है। साल 2012 में वह ओखला स्थित एक कंपनी में जॉब करती थी। उसी दौरान आरोपी रोशन कंपनी में ट्रेनिंग के लिए आया। दोनों की जान पहचान जल्द ही दोस्ती में बदल गई। अगले साल रोशन ने कंपनी बदल दी। 2014 में उसे शादी के लिये प्रपोज किया गया। एक दिन रोशन उसे घर पर लैपटॉप देने के लिया आया। घर पर कोई नहीं था। वह कोल्ड ड्रिंक की बोतल साथ लाया गया था।

# तीसरे मर्डर की प्लानिंग कर रहे थे, चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ दिल्ली और बहादुरगढ़ में एक दिन में किये थे दो मर्डर

बहादुरगढ़ और दिल्ली के छावला इलाके में एक ही दिन दो मर्डर करने वाले तीन आरोपियों को द्वारका स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी आजकल में झटीकरा रोड पर एक तीसरे मर्डर की प्लानिंग कर रहे थे। पुलिस ने न सिर्फ दो मर्डर के आरोपियों को पकड़ा है बल्कि एक जान जाने से भी बचाई है। गिरफ्तार किये गये तीनों आरोपियों के नाम मयंक यादव, कपिल और सचिन गुलिया है। इनके पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, एक मोटर साइकिल और चार कारतूस बरामद हुये हैं। डीसीपी अन्टो अल्फोंस के अनुसार 26 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे बहादुरगढ़ में सन्नी डाबला नामक शख्स की गोली मारकर हत्या की गई थी। इसी दिन शाम करीब साढ़े चार बजे छावला के रोशन विहार में जितेंद्र उर्फ जीतू को गोली मारी गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ की टीम जांच में जुटी ही थी कि 2 नवंबर को पता चला कि दोनों मर्डर में शामिल आरोपियों का गैंग नजफगढ़ में तीसरे मर्डर को अंजाम देने के इरादे से रेवला खानपुर मोड़, झटीकरा रोड, छावला में आने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने ट्रैप लगाया और अपाचे बाइक पर सवार होकर आये बदताशों को दबोच लिया। आरोपी मयंक यादव पपरावट, नजफगढ़ का रहने वाला है। वह एक नामी यूनिवर्सिटी से डी फार्मा कोर्स कर रहा है। मयंक के मामा की लड़की की जितेंद्र से शादी हुई थी। लेकिन कुछ दिनों बाद ही जितेंद्र ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया था। इस वजह से मयंक और जितेंद्र की रिश्तेदारी दुश्मनी में बदल गई थी। सचिन गुलिया भी नजफगढ़ का रहने वाला है। 2017 में उसने बीसीए किया था। कुछ दिन ग्रेटर नोएडा में कॉल सेंटर की नौकरी की थी। स्कूल समय के दोस्तों के साथ गलत संगत में रहने के कारण गर्लफ्रेंड ने छोड़ दिया था। सचिन गर्लफ्रेंड के नये ब्वॉयफ्रेंड से बदला लेना चाहता था। कपिल बहादुरगढ़ का रहने वाला है। उसके बड़े भाई की सन्नी डाबला से दुश्मनी थी। डाबला ने कुछ दिन पहले कपिल के परिवार को बहादुरगढ़ छोड़ने की धमकी दी थी। इसके बाद परिवार नजफगढ़ में रहने लगा था।

## मर्डर के लिये किसी ने मोबाइल बेचा तो किसी ने अंगूठी

कपिल ने अपनी बेबसी दोस्त नवीन के सामने बयां की। इसके बाद दशहरे की शाम सभी ने मिलकर दोनों मर्डर एक ही दिन करने की योजना बनाई। लेकिन हथियार खरीदने के लिये इनके पास पैसे नहीं थी। इस पर मयंक ने अपना मोबाइल बेच दिया था और 10 हजार रुपये इकट्ठे किये थे। वहीं सचिन गुलिया ने अपनी सोने की अंगूठी बेचकर 25 हजार रुपये का फंड इकट्ठा किया। नवीन ने मोटर साइकिल और हथियारों का इंतजाम किया था। 26 अक्टूबर को तीनों दो मोटर साइकिलों पर सवार होकर दोपहर करीब दो बजे बहादुरगढ़ पहुंचे थे और सन्नी डाबला की हत्या को अंजाम दिया था। इसके बाद सभी नजफगढ़ के पपरावट खेतों में पहुंचे और जितेंद्र उर्फ जीतू की हत्या की। तीनों उसी दिन सचिन की गर्लफ्रेंड के दोस्त की तलाश और हत्या के इरादे से घूमते रहे लेकिन वह नहीं मिला। श्निवार को तीनों फिर से उसी लड़के की हत्या करने के इरादे से निकले थे। लेकिन पुलिस ने इन्हें धर लिया। पुलिस इनके चौथे साथी नवीन की तलाश में है।

## एटीएम कार्ड क्लोनिंग रैकट का पर्दाफाश

■ सैंकड़ों लोगों से कर चुके थे ठगी, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एटीएम कार्ड क्लोनिंग कर सैंकड़ों लोगों के खाते खाली करने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन ठगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 67 क्लोन एटीएम काड्र्स, एक स्कीमिंग मशीन, दो स्पाई कैमरे, एक लैपटॉप आदि चीजें बरामद की गई है। यह गैंग पिछले लगभग दो सालों से सक्रिय था। गिरफ्तार लोगों के नाम अनुभव नायक, दिलशाद व श्रीहंश नितिन बताये गये हैं। तीनों मुंबई के रहने वाले हैं। डीसीपी डॉ जी रामगोपाल नाईक ने पुलिस मुख्यालय में हुई एक प्रैसवार्ता में बताया कि डेबिट-क्रेडिट कार्ड संबंधी धोखाधड़ी के मामले को लेकर एसीपी पंकज सिंह की टीम जांच में जुटी थी। 1 नवंबर को इनपूट मिला कि क्लोनिंग करने वाले गैंग के कुछ सदस्य सराये काले खां इलाके में आने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने रात को ट्रैप लगा एक कार से आए तीनों लोगों को पकड़ा। इनके पास से बड़ी संख्या में क्लोन्ड काड्र्स, स्पाई कैमरे समेत काफी सामान मिला। इनमें दो आरोपी दसवीं तक पढ़े हैं, जबकि तीसरा अनपढ़ है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि नाइजीरियन मूल के एक नागरिक से स्कीमिंग मशीन और स्पाई कैमरे लिए थे। ये लोग एटीएम बूथ में स्कीमिंग मशीन को उस जगह फिट कर देते थे, जिसमें कार्ड डाला जाता है। साथ ही स्पाई कैमरा भी लगा देते थे जिससे ग्राहक का पासवर्ड पता लगाया जा सकें। इस तरह से ठग लोगों का गोपनीय डाटा चुराने के बाद एमएसआर राइटर के जरिए खाली कार्ड में उसे डाल देते थे।

# यात्री बोले- ब्लू लाइन का नाम बदलकर खटारा मेट्रो लाइन कर देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ अचानक पटरी बीच में से टूटी, करीब 7 घंटे से ज्यादा समय तक यात्री रहे परेशान

दिल्ली मेट्रो अक्सर त्योहारों पर धोखा देती आई है। छठ पर्व के दिन शनिवार को भी दिल्ली मेट्रो ने हर बार की तरह यात्रियों को धोखा दिया और घंटों सेवा बाधित रही। ब्लू लाइन की आए दिन की खराबी से भन्नाए यात्रियों ने डीएमआरसी से कहा है कि इसका नाम बदलकर खटारा मेट्रो लाइन कर देना चाहिए। शनिवार को द्वारका-नोएडा (ब्लू लाइन) पर अचानक पटरी (ट्रैक) के बीच में टूटने की वजह से इस पूरी लाइन पर यात्रा करीब 7 घंटे तक बाधित रही। छठ पर्व के मौके पर सुबह के अति व्यस्त समय सुबह साढ़े आठ बजे इस लाइन नोएडा से द्वारका जा रही ट्रेन जब इंद्रप्रस्थ से प्रगति मैदान की तरफ बढ़ रही थी तब मेट्रो में अचानक जोरदार झटका लगा। अंदर बैठे यात्रियों को ऐसा लगा मानो मेट्रो के की छत पर कुछ गिर गया हो। इसके बाद मेट्रो स्पीड अचानक धीमी हो गई। साथ ही सभी कोच में जोर जोर से झटके लगने लगे। थोडी देर बाद ही मेट्रो रूक गई। काफी देर बाद यात्रियों को पता चला की पटरी में कुछ खराबी आ गई है जिससे यात्रा फिलहाल रूकी हुई है।

बाद में इंद्रप्रस्थ-प्रगति मैदान के बीच पटरी के बीच में से टूटने की मरम्मत शुरू की गई, लेकिन एहतियातन मेट्रो की गति को 30 किमी. प्रतिघंटा रखने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इस बारे में मेट्रो प्रवक्ता का कहना है कि मौसम में बदलाव की वजह से ट्रेक को जोड़ने के लिए की जाने वाली वेल्डिंग हट गई थी। द्वारका की ओर जाने वाले ट्रेक पर वेल्डिंग टूटने से यात्रा प्रभावित हुई। वेल्डिंग को दुबारा करने के लिए मेट्रो की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और वेल्ड फ्रैक्चर को जॉगल्ड फिश प्लेट्स (पटरियों की क्लैम्पिंग का प्रकार) डालकर सुरक्षित किया गया। सुरक्षा के लिहाज से ट्रेक पर मेट्रो को 30 किमी प्रति घंटे की रखी गई। डीएमआरसी का कहना है कि यह मौसम के बदलाव से होने वाली घटना है। परेशान यात्री अंकुर का कहना है कि मेट्रो खराबी आम हो गई है। सबसे ज्यादा ब्लू लाइन पर ही मेट्रो क्यों खराब होती है। अंकुर का कहना है कि डीएमआरसी को चाहिए की ब्लू लाइन का नाम बदलकर खटारा लाइन कर देना चाहिए। मनीषा का कहना है कि किराया दो गुणा और सुविधाएं जीरो, इसका नाम मेट्रो रेल है। नोएडा से द्वारका जा रहे यात्री एस पी कत्याल ने कहा कि गत कुछ सालों से मेट्रो का रखरखव बेहद खराब हो चुका है। दावे बेशक कुछ भी करें लेकिन वास्तव में मेट्रो की सवारी अब जी का जंजाल साबित होती है।

## जर्मनी की चांसलर ने किया रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल शनिवार को दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर मंगू सिंह व अन्य के साथ द्वारका सेक्टर 21 मेट्रो स्टेशन पर बने रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंची। इस प्लांट की मदद से करीब 33 लाख यूनिट ऊर्जा की आपूर्ति हो रही है, यह संयंत्र इंडो-जर्मन सहयोग से बना है। डीएमआरसी ने 2014 में इस मेट्रो स्टेशन की छत पर 500 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया था।

## स्पेस सेल को लेकर इसरो और आईआईटी दिल्ली के बीच हुआ एमओयू

# अच्छी सैलरी के बजाय जुनून के हिसाब से नौकरी चुनना : सिवन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



आईआईटी दिल्ली में इसरो का संयुक्त स्पेस शोध सेल स्थापित करने का रास्ता साफ हो गया है। यहां शनिवार को आईआईटी दिल्ली के 50वें दीक्षांत समारोह-2019 के मौके पर इसे लेकर आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. वी.रामगोपाल राव और इसरो के अध्यक्ष डॉ.के.सिवन के बीच एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अवसर पर इसरो अध्यक्ष ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इसरो के स्पेस टेक्नोलॉजी सेल को संयुक्त रुप से स्थापित करने को लेकर आईआईटी दिल्ली के साथ हुए एमओयू के कार्यक्रम में मैं यहां मौजूद हूं। इस सेल के गठन को लेकर आईआईटी द्वारा दिखाई गई रूचि सराहनीय है। आज की आईआईटी की युवा पीढ़ी के पास अपने कैरियर को संवारने और अच्छी नौकरी पाने के कई विकल्प मौजूद हैं। लेकिन अच्छी सैलरी वाली नौकरी के बजाय हमें अपनी रूचि और जुनून के हिसाब से कैरियर का विकल्प चुनना चाहिए। आईआईटी के निदेशक प्रो. वी.रामगोपाल राव ने कहा कि इस समझौते की मदद से दोनों संस्थानों के बीच शोध कार्य को लेकर सहयोग बढ़ेगा। इसके बाद आईआईटी दिल्ली चाहेगा कि वह इसरो के कुछ प्रमुख शोध प्रोजेक्ट्स में शामिल हो।

### बांटी डिग्रियां

आईआईटी दिल्ली के 50वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे डॉ. के. सिवन ने छात्रों को डिग्रियां प्रदान की। इसमें कुल 2 हजार 42 छात्रों में से परास्नातक स्तर के 1 हजार 217 और स्नातक स्तर के 825 छात्र शामिल हैं।

## लिफ्ट देकर युवक से लूटे एक लाख 52 हजार रुपये

**नई दिल्ली।** नांगलोई थाना इलाके में लिफ्ट देकर बदमाशों ने एक युवक को लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट भी की। इसके बाद बदमाशों ने युवक से उसका एटीएम का पासवर्ड पूछकर उसके खाते से एक लाख 52 हजार रुपए निकाल लिए। बाद में बदमाश उसे फेंककर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सोनू कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, सोनू कुमार, जेजे कॉलोनी कैंप नंबर-तीन, नांगलोई में सपरिवार रहता है। वह फैक्ट्री में काम करता है। शुक्रवार को वह अपने मूल गांव बिहार जाने के लिए सूरजमल स्टेडियम से पहले बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उनके पास दो युवक आये। युवक उनसे पूछने लगे कि वह कहां जायेंगे। इस पर सोनू ने बताया कि वह दिल्ली रेवले स्टेशन जाएगा। इस पर युवकों ने कहा भी उन्हें भी वहीं जाना है। कुछ देर बाद वहां एक कार आकर रूकी और कार चालक नई दिल्ली रेवले स्टेशन जाने का रास्ता पूछने लगा। इस पर युवकों ने कहा कि उन्हें भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन छोड़ देना। जिसके बाद तीनों कार में बैठ गए। थोडी दूर चलने के बाद ही दोनों बदमाशों ने चाकू की नोक पर युवक से उसका एटीएम ले लिया और फिर उसका पासवर्ड पूछकर रुपए निकाल लिए।

# अपहरण कर छह वर्षीय लड़के की गला घोंटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पार्क में गया था खेलने

■ हत्या के पीछे वजह साफ नहीं, हर एंगल से जांच करेगी पुलिस

नरेला थाना इलाके में छह साल के लड़के का अपहरण कर उसकी हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम है आशु। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि हत्या की वजह साफ नहीं है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की वजह साफ हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर हर एंगल से मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, आशु, नरेला रेलवे लाइन के पास बनी गौतम कॉलोनी, में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता अनिल, मां, दो भाई और दो बहनें हैं। वह इलाके के सरकारी स्कूल में कक्षा पहली का छात्र था। अनिल इलाके में हलवाई का काम करते है। शुक्रवार शाम को आशु घर से खेलने के लिए पार्क गया था। देर शाम तक जब आशु घर नहीं लौटा तो उसकी मां ने इसके बारे में अनिल को बताया। अनिल व उसके पूरे परिवार ने आशु को आस पास के इलाकों में तलाशा, मगर उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी शिकायत नरेला थाना इलाके में दी। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर ली।

## खबर संक्षेप



### सफदरजंग अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सुविधा राष्ट्र को समर्पित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने शनिवार को नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सुविधा राष्ट्र को समर्पित की। भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत सफदरजंग अस्पताल, तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल रेफरल केन्द्रों वाले विशाल अस्पतालों में से एक है जहां यूरो-आनकालोजिकल कैंसर जैसे कि प्रोस्टेट, किडनी, ब्लैडर कैंसर और किडनी फेलयर के देश भर के विभिन्न भागों के गरीब मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। भारत में केन्द्र सरकार का यह पहला अस्पताल है जहां सभी गरीब मरीजों के लिए मुफ्त उन्नत रोबोट सर्जरी सुविधा शुरू की गई है। रोबोटिक सर्जरी का फायदा यह है कि इसमें सर्जरी के समय कम से कम भाग पर चीरा लगाया जाता है, गम्भीर रूप से कैंसर और किडनी फेलयर बीमार मरीजों की अस्वस्थता और मृत्यु के मामलों में काफी कमी आती है। रोबोटिक प्रणाली में 7 डिग्री की फ्रीडम, थ्री डी का दृश्य, प्रभावित भाग का दस गुणा बड़ा आकार और अधिक शुद्धता से बेहतर सर्जरी के लिए आसानी से प्रभावित स्थान पर विच्छेदन किये जाने के सभी फायदे हैं। आप्रेशन करने के समय में भी कमी आती है और मरीज इस सुविधा के कारण विश्वास के साथ सर्जरी के लिए आते हैं। इसके अलावा सर्जरी कराने के इच्छुक मरीजों की प्रतीक्षा सूची कम होती जाती है।

### संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने शनिवार को घोषण की कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध गैर लाभकारी संगठन 'संस्कृत भारती' संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि नौ नवम्बर से यहां शुरू होने वाले इस सम्मेलन में 17 देशों के हजारों छात्र और विद्वान भाग लेंगे। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह के इस पहले वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन आरएसएस के सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी करेंगे।

# पुलिस की गोली से वकील की मौत की फैली अफवाह, फिर बेकाबू हो गए हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तीस हजारी कोर्ट में हुए बवाल के बाद वकीलों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर तुरंत कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही है। वकीलों का कहना है कि अगर आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी तो वह सोमवार को पूरी राजधानी के कोर्ट का काम बंद कर देंगे। झड़प में वकील विजय वर्मा (40) और रंजीत सिंह मलिक (32) को गोली लगी है, जबकि एक अन्य वकील पंकज दुबे का पैर टूट गया है। इस दौरान एडिशनल डीसीपी हरेंद्र कुमार, एसएचओ कोतवाली, सिविल लाइंस, डीसीपी के ऑपरेटर समेत कुल 20 पुलिस कर्मियों को चोट लगी है। बवाल बढ़ता देख मौके पर स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर नॉर्थ संजय सिंह, संयुक्त आयुक्त मनीष कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार समेत कई पुलिस उपायुक्त पहुंच गए। बताया जा रहा है कि झड़प के दौरान वकीलों ने कोर्ट का गेट बंद कर कोर्ट पर कब्जा कर लिया था। कुछ समय के लिए वकील कोर्ट के अंदर व पुलिस बाहर मौजूद रही। देर शाम को पुलिस कर्मियों ने वकीलों को खदेड़ा। इसके बाद दमकल की गाडियां भी कोर्ट परिसर में दाखिल होकर आगजनी पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि बवाल के दौरान किसी ने कोर्ट में अफवाह फैला दी थी कि पुलिस की गोली से एक वकील की मौत हो गई है। वकील की मौत के बात सुनते ही सैंकड़ों वकील इक्ट्ठा हो गए। वकीलों ने लॉकअप के मेन गेट को तोडने का प्रयास किया। गेट न टूटने पर उन्होंने पुलिस के वाहनों में आगजनी और तोडफाड़ की। देर शाम को पुलिस ने किसी तरह वकीलों पर काबू पाया, जिसके बाद पुलिस ने लॉकअप में मौजूद कैदियों को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोर्ट में पेशी के लिए 100 से अधिक कैदी आये थे। बवाल के समय वे लॉकअप में बंद थे। ऐसे में बवाल के दौरान फोर्स के आने तक पुलिस कर्मियों ने लॉकअप को घेरे रखा। बवाल के दौरान कोर्ट परिसर में मौजूद जिन आम लोगों व मीडिया कर्मियों ने वीडियो बनाने का प्रयास किया, उनके मोबाइल छीनकर तोड़ दिए गए। कुछ की पिटाई भी कर दी गई।



- झड़प में एडिशनल डीसीपी समेत 20 पुलिसकर्मी घायल
- बवाल के समय लॉकअप में बंद थे 100 से अधिक कैदी

### कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर वकीलों ने किया प्रदर्शन

तीस हजारी कोर्ट में हुए झपड़ की खबर सुनते ही अन्य कोर्ट के वकीलों ने भी कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। शनिवार शाम को कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर वकीलों ने चक्का जाम कर कोर्ट के बाहर आगजनी की। वकीलों ने तीस हजारी कोर्ट में हुई झपड़ में आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

### घायलों का सेंट स्टीफन में चल रहा है इलाज

प्रत्यक्षदर्शी वकील अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि घायल विजय शर्मा का एक ऑपरेशन हो चुका है, दूसरा ऑपरेशन रात आठ बजे सेंट स्टीफन अस्पताल में किया जाएगा। वहीं, घायल रंजीत कुमार मलिक की दो अंगुलियों में चोटें पहुंची हैं, जिन्हें डॉक्टरों ने काटने की सलाह दी है। देर रात तक कोर्ट में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहा। साथ ही बड़ी संख्या में अन्य जिला अदालत के वकील भी पहुंचे और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।





### वकीलों के समर्थन में उतरी प्रदेश कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वकील-पुलिस भिड़त मामले पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस खुलकर सामने आ गई है। घटना स्थल तीस हजारी कोर्ट पर पहुंचे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने घोषणा की है कि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़क पर उतरने से पीछे नहीं हटेगी। चोपड़ा ने कोर्ट परिसर में वकीलों पर किए गए कातिलाना हमले कि कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पुलिस ने सारी हदें पार कर दी है। निहत्थे वकीलों पर गोलियां चला कर यह साबित कर दिया है कि जब भाजपा कि केंद्र सरकार के राज में वकील तक सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक कहां सुरक्षित होगा। चोपड़ा ने कहा कि जिन पुलिस वालों ने वकीलों पर कातिलाना हमला किया है उनको तुरंत गिरफतार किया जाए और उन पर कठोर कार्यवाही कि जाए। चोपड़ा ने कहा कि यदि दोषी पुलिस वालों पर जल्द से जल्द उचित करवायी नहीं हुई तो दिल्ली कांग्रेस सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### लॉकअप को करना चाहते थे बलास्ट

**नई दिल्ली।** एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) हरेंद्र सिंह ने बताया कि पार्किंग को लेकर तीसरी बटालियन के जवानों और वकीलों के बीच पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। मामूली विवाद के बाद वकीलों ने उन पर हमला बोल दिया। उन्होंने लॉकअप तोड़ने की भी कोशिश की। लॉकअप नहीं टूटने पर वकीलों ने कुछ बाइकों को आग लगा दी, ताकि लॉकअप बलास्ट हो जाये। हमने पीने के पानी से आग को बुझा दिया, लेकिन इससे वहां धुआं फैल गया। इस दौरान लॉकअप में 100 से अधिक कैदी मौजूद थे। घुआं होने की वजह से उनका दम घूटने लगा। बाद में उन्हें सुरक्षित दूसरे लॉकअप में शिफ्ट कर दिया गया। इस दौरान कुछ पुलिस कर्मियों को चोटें आई। फायरिंग के आरोप पर उन्होंने कहा है कि यदि किसी को गोली लगी होगी तो यह मेडिकल रिपोर्ट में साफ हो जाएगा।

### कमिश्नर के नेतृत्व में होगी मामले की जांच

**नई दिल्ली।** पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों तरफ से शिकायतें मिली हैं और मामले दर्ज किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। मामले की जांच अपराध शाखा का एसआईटी विभाग करेगा। इसके अलावा पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक के नेतृत्व वाली एक जांच टीम घटना के पूरे अनुक्रम की पूछताछ करेगी और उसके निष्कर्ष पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवा कांग्रेस ने किया गिरिराज सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी)ने पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ उनके आवास 27 लोधी एस्टेट नई दिल्ली के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गिरिराज सिंह द्वारा प्रस्तावित आरसीईपी सौदे के खिलाफ किया गया है। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व आईवाईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी ने किया जबकि इस अवसर पर जीएस हरीश पवार, दीपक चोटीवाला, अब्राहम रॉय मणि, अमित यादव, डीपीवाईसी अध्यक्ष विकास छिकारा, ओमवीर यादव, वीपी महेंद्र चौधरी, विभा वालिया, मीडिया प्रभारी अमृत रंजन पांडे और अन्य मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने सुरक्षा के चलते मंत्री के आवास से पहले ही रोक लिया।




### दिल्ली की आबोहवा बनी हुई है खतरनाक

# तेज हवाओं के चलने से सुधार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 और 500 के भी पर पहुंच गया है। इसी के चलते यहां लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। हलांकि शनिवार को तेज हवाओं के साथ कई जगह हल्की बारिश होने के कारण प्रदूषण में कमी आने की उम्मीद लगायी जा रही है। शनिवार दोपहर 12:30 बजे यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 475 दर्ज किया गया। दिल्ली के कई इलाकों में हालात बेहद खराब हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के पैनल ने शुक्रवार को यहां 5 नवंबर तक हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दी है।



### एम्स में बढ़े सांस के रोगी

दिल्ली में बढ़े प्रदूषण ने बच्चों और बुजुर्गों की मुसीबत बढ़ा दी है। दमघोंटू हवा का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ा है और दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में सांस और दिल के मरीजों की संख्या में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। एम्स के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने शनिवार को बताया कि हर साल की तरह इस साल भी दीवाली के बाद वायु प्रदूषण के कारण श्वसन और हृदय रोग विभाग की ओपीडी (वाह्य रोगी विभाग) एवं आपातकालीन सेवा में मरीजों की संख्या पिछले पांच दिनों में 20 प्रतिशत तक बढ़ गयी है।

### आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी...

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़े प्रदूषण को आरोप-प्रत्योरापों का दौर जारी है। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र ने ही माना कि दिल्ली में 46 प्रतिशत प्रदूषण पराली जलने से होता है। दिल्ली ने अपनी तरफ से प्रदूषण को रोकने के लिए हर तरह के कदम उठाए हैं और उठा रही है लेकिन केंद्र ने पराली जलाने से रोकने के लिए महज खानापूर्ति की है। वहीं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि मोदी सरकार लगातार दिल्ली व पड़ोसी राज्यों के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक करके इसे खत्म करने के लिये निरंतर ठोस काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है केजरीवाल सरकार प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति कर रही है और छात्रों को भड़का कर उन्हें हरियाणा, पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखने के लिये प्रेरित कर रहे हैं और उनको खलनायक के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

### सड़कों पर किया जा रहा है छिड़काव

दक्षिणी नगर निगम ने वायु और धूल प्रदूषण के चिंताजनक स्तर को देखते हुए शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम के आसपास विशेष कार्रवाई तेज कर दी है। उपायुक्त मध्य क्षेत्र अमन गुप्ता ने निगम और डीडीसीए अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जीरो टोलरेंस नीति के तहत स्टेडियम के आसपास कार्य करें। उन्होंने मध्य जोन के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्टेडियम के आसपास धूल प्रदूषण के स्पॉट्स को चिन्हित किया और वहां कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मलवा हटाने के साथ-साथ सड़कों पर पानी का निरंतर छिड़काव करने का निर्देश दिया है। वहीं अन्य निगमों द्वारा भी दिल्ली में पानी का छिड़काव किया जा रहा है।



### गैस चैंबर बनी दिल्ली पर इंद्र देव ने बरसाई राहत की बारिश

**नई दिल्ली।** कई दिनों से गैस का चैंबर बनी दिल्ली पर शनिवार को इंद्रदेव ने राहत की बारिश बरसाई। हांलाकि इस बारिश से प्रदूषण पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ा लेकिन राहत जरूर मिलेगी। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार रविवार को भी हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। साथ ही तेज हवाएं चलने से प्रदूषण में गिरावट दर्ज हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार देर शाम को भी दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी हुई थी। लेकिन शनिवार को कई जगह सामान्य बारिश देखने को मिली। एनसीआर में अच्छी बारिश हुई है। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार आज तेज हवा के साथ बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने से भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, जींद, करनाल, मेवात, पलवल, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सोनीपत, नई दिल्ली, शाहदरा, बागपत, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ और शामली में प्रदूषण से कुछ हद तक असर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### प्रकाशोत्सव पर निकाली गई प्रभात फेरी

**फरीदाबाद।** आगामी 12 नवंबर को गुरु नानकदेव जी के प्रकाशोत्सव से पूर्व शनिवार को गुरुद्वारा सुखमनी भवन सेक्टर 16 से प्रभातफेरी निकाली गई, जिसका समापन वापस गुरुद्वारा में किया गया। इस प्रभात फेरी में गुरुद्वारा की समस्त साध संगत ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान कैप्टन चरणसिंह जौहार ने कहा कि गुरु की अरदास से हम सभी के दुख-दर्द दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि इन धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में अच्छा संदेश जाता है। टेकचंद नंद्राजोग (टोनी पहलवान) ने कहा कि आगामी आठ नवंबर को सेक्टर 15 स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा से नगर कीर्तन शहर के कई स्थानों से निकाला जाएगा।

### ट्रांसपोर्ट कंपनी व आरटीए के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फरीदाबाद।** सेंट्रल थाने में फरीदाबाद की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी और रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (आरटीए) के खिलाफ पांच कैंटर की फर्जी आरसी बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा गुरुग्राम के एक शोरूम मैनेजर की शिकायत दर्ज हुआ है। सेंट्रल थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम में वाणिज्यक वाहनों के एक शोरूम में मैनेजर गौरव कुमार ने बताया कि फरीदाबाद की त्रिमूला यूटिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट कंपनी ने करीब एक साल पहले उनसे पांच कैंटर खरीदे थे। कैंटरों की आरसी शोरूम को बनाकर देना था। ट्रांसपोर्ट कंपनी पर शोरूम की कुछ राशि बकाया रह गई। उसने कैंटरों का आरसी लेने के समय बकाया राशि के भुगतान का वायदा किया। शोरूम कंपनी की तरफ से गौरव कुमार ने पांचों कैंटर की आरसी बनवाकर रख ली। कई महीने बाद भी कोई आरसी लेने नहीं आया।

### छीनाझपटी के आरोपी को पांच साल की कैद

**गुरुग्राम।** छीनाझपटी के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के हेलीमंडी गांव के अभिषेक शर्मा ने इस वर्ष 12 मार्च को जीआरपी थाना गुरुग्राम में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 12 मार्च की सायं गुरुग्राम स्थित रेलवे स्टेशन पर हेलीमंडी जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ी की प्रतीक्षा कर रहा था और मोबाइल पर अपने पिता से बात भी कर रहा था। तभी एक युवक आया और उसका मोबाइल झपटकर भागने लगा तो उसने शोर मचा दिया।

### सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन

**गुरुग्राम।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) द्वारा उप क्षेत्री कार्यालय परिसर में छह दिवसीय सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें बीमा निगम से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बीमा निगम के निदेशक रत्नेश कुमार गौतम ने बताया कि देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदार व निष्ठावान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमा निगम का कार्य ऑनलाइन होने से नियोक्ता और कर्मचारियों को आसानी हुई है और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है। किसी भी संस्थान के हर छोटे से छोटे कर्मचारी के ईमानदार होने से ही उस संस्थान की कार्यप्रणाली सुचारु रुप से कार्य कर सकती है। हर पद पर आसीन कर्मचारी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है।

#### कूड़ा जलाने वालों के किए जा रहे चालान

# बढ़ते प्रदूषण पर रोकथाम के लिए निगम ने उठाए कदम

**सड़कों व मुख्य रास्तों पर पानी का निरन्तर छिड़काव जारी**

**फरीदाबाद/गुरुग्राम/नोएडा।** वायु प्रदूषण के खतरनाक स्थिति में पहुंचने के दृष्टिगत फरीदाबाद नगर निगम ने इसको नियंत्रित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू किया हुआ है। पिछले चार-पांच दिनों में निगम के तीनों जोनो में कूड़ा जलाने वाले व्यक्तियों के चालान किए हैं।

छह स्थानों पर कूड़े में लगी हुई आग को बुझाया गया है। 30 व्यक्तियों के विरूद्ध कूड़ा फैलाने के जुर्म में चालान किए गए हैं। स्वीपिंग मशीन से निगम के तीनों जोनो में 118 किलोमीटर सड़क की सफाई की गई है। इसके इलावा सड़कों व मुख्य रास्तों पर पानी का निरन्तर छिड़काव किया जा रहा है। पेड़ों पर भी पानी का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। अनेकों स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों को रोक दिया गया है, जगह-जगह पर खुले में पड़ी हुई निर्माण सामग्री को ढकवाया गया है और भवन मालिकों के चालान भी किए हैं।

निगमायुक्त सोनल गोयल के निर्देश पर निगम की कई टीमें रात को कूड़ा जलाने की घटनाओं पर नजर रखने के लिए निगम क्षेत्र में निरन्तर गश्त कर रही है। कई लोगों से कूड़ा जलाने पर 5000-5000 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। बौद्ध विहार पार्क, एसजीएम नगर, सैनिक कॉलोनी, बाईपास रोड़, एनएचपीसी चौक और ओल्ड सब्जी मंडी के क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगाई गई आग को बुझाया गया है।



गुरुग्राम। शनिवार को प्रदूषण विरोधी मास्क पहनने कक्षा में पढ़ती हुई छात्राएं।

### गुरुग्राम में फैक्ट्रियां बंद, पुराने वाहनों को बंद करने के आदेश

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की हवा बीते चार सालों में एक नवंबर को सबसे ज्यादा जहरीली रही। शुक्रवार को हवा का स्तर सामान्य से नौ गुना ज्यादा खराब रिकॉर्ड किया गया। दिनभर आसमान में धूल व धुएं के कणों के उड़ने की वजह से धुंध छाई रही। लोगों को सूरज देखने को नहीं मिला। हवा खराब होने से शहर में लोगों की परेशानी बढ़ गई हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 469 पहुंचने के कारण खासकर छोटे बच्चों को दिक्कतें ज्यादा बढ़ी हैं। हवा में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर की वजह से पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम व नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने जिले में पांच नवंबर की सुबह तक सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के साथ ही कोल व फ्यूल से चलने वाली इंडस्ट्री भी बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा स्कूली में आउटडोर गतिविधियों को भी कम करने के निर्देश दिए हैं। डीजल के 10 और पेट्रोल के 15 वर्ष की आयु पार कर चुके वाहनों को पकड़कर बंद करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### ग्रैप लागू होने के बाद जारी रहा निर्माण कार्य

**नोएडा।** दिल्ली/एनसीआर में ग्रैप लागू होने के बाद भी वेब सिटी पर निर्माण जारी रहा। रात में निर्माण को बन्द कराए जाने के बाद भी निर्माण कम्पनी काम जारी रखी और क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ जिला पर्यावरणीय समिति आंख बंद किए रही।

#### प्रदूषण स्तर बढ़ने पर हुई कार्रवाई

शुक्रवार को जिले में प्रदूषण का स्तर 500 के पार पहुंचा तब जिलाधिकारी ने अधिकारियों के पेंच कसे। सिटी मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि निर्माण कंपनी रात में करीब 100 मजदूरों को लगाकर काम करा रही थी। शुक्रवार रात भी निर्माण जारी रहा। जबकि इपीसीए ने दिन व रात में पांच नवंबर तक निर्माण पूरी तरह बन्द रखने के आदेश दिया है।

#### 20 लोग किए गिरफ्तार

सेक्टर 32 में चल रहे निर्माण साइट से 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमे सुपरवाइजर व अन्य अधिकारी शामिल है। वेब के ही पास में बन रहे एक माल पर भी दिन में काम चलता पाया गया। वहां भी छापेमारी की गई। यह पेजेक्ट भी वेब सिटी का ही है। वहां से ज्यादातर लोग भाग गए, लेकिन पांच लोगों को पकड़ लिया गया है। आरएमसी प्लांट सील कर दिया गया है। कंपनी पर भारी जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में सेल्समैन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका
- पुलिस मान रही है सड़क दुर्घटना

मोठूका से छांयसा की ओर जाने वाले रोड पर शनिवार सुबह शराब ठेके पर सेल्समैन का काम करने वाला 26 साल का युवक संदिग्ध हालात में मृत पाया गया। इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। परिजनों ने इस बारे में हत्या की आशंका जताई, मगर पुलिस युवक की मौत हो दुर्घटना मानकर चल रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेजा गया है।

थाना छांयसा पुलिस के अनुसार छांयसा गांव निवासी मनीष उर्फ अमित कुमार मोठूका गांव स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन लगा हुआ था। वह अपने गांव से प्रतिदिन बाइक से ठेके पर आता-जाता था। शुक्रवार रात को करीब 10 बजे ठेका बंद कर वह बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकला था। मगर रात को वह अपने घर नहीं पहुंचा। परिजन उसके मोबाइल पर कॉल करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिल रहा था। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि गोल्ड फील्ड कॉलेज के सामने से गुजरने वाले रोड किनारे पर एक युवक मृत पड़ा हुआ है। जबकि उसकी बाइक उससे दूरी पड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की पहचान के लिए उसकी जेबों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान जेब में मिले पहचान संबंधी दस्तावेजों से परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवक की पहचान छांयसा गांव निवासी मनीष उर्फ अमित के रूप में की। परिजनों ने युवक के शव को देखकर पहले तो हत्या की आशंका जताई, मगर बाद में पुलिस के समझाए जाने पर इसे दुर्घटना माना गया। पुलिस का मानना है कि किसी अज्ञात वाहन ने रात के समय इसकी बाइक को पीछे से टक्कर मारी है।

जांच अधिकारी एएसआई समय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## नकली एलईडी टीवी बनाने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नोएडा



विदेशी कंपनियों का स्टीकर लगाकर नकली एलईडी टीवी बनाने वाले एक गिरोह चार सदस्यों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर उनके पास से 84 एलईडी टीवी तथा नकली स्टीकर आदि बरामद किया है।

नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि सुबह एक सूचना के आधार पर गौरव, प्रेम किशोर, बृजेश कुमार और मोहित नामक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। सिंह के अनुसार, पूछताछ के दौरान इन लोगों ने बताया कि वे चीन से एलईडी टीवी के कलपुर्जे मंगवा कर उन्हें नोएडा में असेंबल करते हैं, तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्टीकर लगाकर नकली एलईडी टीवी को ऊंचे दाम पर बेचते हैं।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 84 नकली एलईडी टीवी बरामद किए जिन पर सैमसंग और सोनी टीवी के फर्जी लोगो लगे थे। सिंह ने बताया कि ये लोग हरि ओम इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से सेक्टर 10 में एक कंपनी चलाते हैं जहां नकली एलईडी टीवी बनाए जाते हैं। एसपी ने बताया कि गिरोह में और भी लोग शामिल हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

### डग्गामार बसों से वसूली करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर के मुख्य गोलचक्कर परीचौक पर डग्गामार बसों से वसूली करने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से डग्गामार बसों से वसूली की जा रही थी। हर चक्कर डग्गामार बस से 200 रुपये लिए जाते थे। आरोपी युवक की पहचान सोनू बंसल निवासी लोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने वसूली के आरोप में आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### पेटीएम केवाईसी के नाम पर 75 हजार की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** पेटीएम खाते की केवाईसी कराने के नाम पर करीब 75 हजार रुपये ठगी का मामला सामने आया है। सूरजकुंड थाना क्षेत्र के सेक्टर-46 में रहने वाले शिक्षक चेतन सिंह ने सूरजकुंड पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि पेटीएम खाते की केवाईसी कराने के लिए एक व्यक्ति ने फोन किया था। वह पेटीएम का एक अधिकारी बन कर खाते को केवाईसी कराने की बात कह कर झांसे में ले लिया। आरोपी ने चेतन सिंह से एक ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद उनके खाते से एक बार में 74 हजार व दूसरी बार में 900 रुपये ट्रांसफर कर लिए। चंद मिनट के दौरान ही दो बार में करीब 75 हजार गंवा देने वाले चेतन के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने मामले की शिकायत तुरंत पुलिस को दी व अपना खाता बंद कराया। पुलिस शिकायत लेकर मामले की जांच में जुटी है।

## विधायक के भाई को हिरासत में लेने पर भड़के समर्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना के कार्यालय पर तोड़फोड़ मामले में नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के भाई मुनेश को क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। समर्थकों के एकत्र होने पर हिरासत में लिए गए विधायक के भाई को कुछ घंटे बाद छोड़ दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को नवनिर्वाचित विधायक नीरज शर्मा ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय पर तोड़फोड़ 20 अक्टूबर को हुई थी। 26 अक्टूबर को सारन थाने में वीरेंद्र नाम के एक व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस के कहने पर उसी दिन उन्होंने उस गाड़ी को पुलिस के पास जमा करा दी थी। उन्होंने आरोप लगाया है गाड़ी के मालिक को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर मारपीट कर प्रताड़ित किया है।

## फरीदाबाद में झुग्गियां तोड़ने के लिए नोटिस चस्पा, लोगों में हड़कंप मचा

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम नहर किनारे सिंचाई की जमीन पर बसे पटेल नगर की झुग्गियों को तोड़ने के लिए विभाग ने नोटिस चस्पा कर दिए हैं। चार नवंबर तक निर्माणों को खाली करने का समय दिया गया है। उधर, विभाग की इस कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में अपना आशियाना टूटने की चिंता सता रही है। चिंतित लोगों ने फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता से मिल कर अपनी व्यथा बताई है। सिंचाई विभाग ने चावला कॉलोनी को सीधा सेक्टर-4 से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के अनुसार गुरुग्राम नहर पर नया पुल बनाया है। अब पुल को सेक्टर.4 की सड़कों से जोड़ना है। पुल को सड़क से जोड़ने में सबसे बड़ी बाधा सिंचाई विभाग की जमीन पर बने हुए निर्माण है। इन निर्माणों को तोड़ने के



लिए सिंचाई विभाग ने सभी को चार नवंबर तक सामान निकालने और खाली करने के लिए कहा है। पांच नवंबर को इन निर्माणों को तोड़ा जाएगा। निर्माणों को तोड़ने के बाद सीधा चावला कॉलोनी को सेक्टर.4 की सड़कों से जोड़ दिया जाएगा।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रक से कार टकराई, पांच घायल

एजेंसी ▶▶| नोएडा

यमुना एक्सप्रेस वे पर रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में तेज गति से आ रही कार पीछे से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यमुना एक्सप्रेस वे के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से निकाला और ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

रबूपुरा पुलिस ने बताया कि जीरो प्वाइंट से 28 किमी दूर करौली गांव के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर शनिवार को आगरा से नोएडा आ रहा एक ट्रक अचानक खराब हो गया था। चालक ने ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। दोपहर बाद एक तेज गति से आ रही कार ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए



और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवारों की चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकाला और यमुना एक्सप्रेस वे पर गश्त कर रहे सुरक्षाकर्मियों को घटना की जानकारी दी। सुरक्षा कर्मियों ने सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रबपुरा पुलिस का कहना है कि अभी घायलों का नाम व पता नहीं चल सका है।

### एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से बैटरी चोरी

वहीं, यमुना एक्सप्रेस वे पर रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात एक ट्रक एक्सल टूटने के कारण खराब हो गया था। चालक ट्रक में सो रहा था, रात में चोर ट्रक की बैटरी चोरी कर ले गए। एटा निवासी ट्रक चालक करण ने रबूपुरा पुलिस से मामले की शिकायत की है।

#### आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात व्रत होगा पूर्ण

# व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य, छठ घाटों पर उमड़ा जनसैलाब

**गुरुग्राम/फरीदाबाद।** सुख, समृद्धि व संतान प्राप्ति के लिए छठ मईया का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखने के बाद शनिवार को व्रतधारियों ने डूबते सूर्य देवता को अर्घ्य दिया। रविवार सुबह सूर्य देवता को अर्घ्य देकर छठ पर्व का समापन होगा। चार दिनों तक चलने वाला छठ पर्व सूर्य (भास्कर)भगवान को समर्पित एकमात्र वैदिक उत्सव है।

औद्योगिक नगरी में सामाजिक-धार्मिक संगठन व राजनैतिक लोगों द्वारा छठ पूजा के लिए बनवाए गए तालाबों, घाटों पर छठ व्रतधारियों ने पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। व्रतधारियों का सबसे बड़ा जमावड़ा खेड़ीपुल स्थित घाट पर लगा हुआ था। व्रतधारियों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।



फरीदाबाद। डबुआ कालोनी स्थित शिव-पार्वती-हनुमान मंदिर में बने छठ घाट में पूजा-अर्चना करती महिलाएं।

### कई जगह हुई छठ पूजा

भोजपुरी अवधी समाज की ओर से डबुआ कॉलोनी, मिथिलेश्वरी श्री काली मंदिर सेक्टर-8 बाईपास रोड़, एसजीएम नगर स्थित बौद्ध विहार के पास, सेक्टर-2, 3, बाईपास नहर के पास, सेक्टर-22 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर, मुजेसर स्थित बाबा हृदय राम मंदिर तालाब, गाजीपुर, डबुआ के पीछे, संजय कॉलोनी, नीमकंठ मंदिर सेक्टर-23, ओल्ड फरीदाबाद के बराही तालाब, खेड़ीपुल के पास, पल्ला, सराय, तिलपत इसके अलावा क्षेत्र मंदिरों में भी कृत्रिम तालाबों में पूजा की गई।

### जिला प्रशासन मुस्तैद

जिला उपायुक्त अतुल कुमार ने छठ पूजा पर मुख्य छठ घाटों पर लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमों को तैनात किया हुआ था। साथ ही एम्बुलैंस व दमकल विभाग को किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैनात किया गया है। पुलिस आयुक्त केके राव ने छठ घाटों के पास पुलिस व होम गार्ड के जवान तैनात किए हुए है।

जो हर गतिविधि पर पैनी निगाह रखे हुए थे तथा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सभी मुख्य छठ घाटों पर विशेष सुरक्षा दत्ता व गोताखोर भी लगाए गए है।

### दिखा महंगाई का असर

बेतहाशा बढ़ती महंगाई से छठ पर्व भी अछूता नहीं रहा। छठ पर्व पर पूजा के लिए उपयोग में लाई जाने वाली हर सामग्री के दाम आसमान छू रहे थे तथा लोगों को कम सामग्री में ही काम चलाने पर मजबूर होना पड़ रहा था। लेकिन लोगों में पर्व को लेकर बेहद उत्साह दिख रहा है।

### कार्यक्रम आयोजित

**गुरुग्राम।** शीतला माता मंदिर परिसर में पाटलिपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति द्वारा छठ पर्व का आयोजन किया गया है। संस्था ने ब्रह्म सरोवर में अपने वॉलिंटियर भी तैनात किए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो। उन्होंने बताया कि भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी आयोजन स्थल पर किया जाएगा।

### स्थानीय लोग कर रहे सहयोग

इस आयोजन में राजनेताओं के अलावा स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोग बिहार मूल के परिवारों को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भी दिखाई दिए। स्थानीय लोग इस आयोजन को पूरा सहयोग कर रहे हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

छठ महोत्सव का विभिन्न क्षेत्रों में आयोजन किया गया है। आयोजकों ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की थी। पुलिस ने जलाशयों व घाटों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया है। सभी आयोजन स्थलों पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए, जिनमें महिला पुलिसकर्मियों की संख्या भी अच्छी-खासी दिखाई दी। यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलती रहे, इसके लिए शीतला माता मंदिर रोड पर यातयात पुलिस ने पुख्ता व्यवस्था की हुई है।

## आयुक्त चंद्र ने इंडोनेशिया में किया योग



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने इंडोनेशिया तक प्रधानमंत्री का हिट इंडियन फिट इंडिया संदेश पहुंचाया। वहां नगर आयुक्त ने योगा में सर्वश्रेष्ठ आसन शीर्षासन भी इंडोनेशिया के नागरिकों के समक्ष स्वयं करके दिखाया गया।

नगर आयुक्त की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि भारत सरकार की ओर से इंडोनेशिया यात्रा में गई भारत सरकार की ओर से अधिकारियों व क्योर इंडिया की टीम इंडोनेशिया पहुंची तथा इंडोनेशिया स्थित टांगरांग शहर के महापौर युवाश प्लस उसैद के प्रतिनिधियों से मिले।

इंडोनेशिया अर्बन प्लागिंग के प्रतिनिधियों द्वारा जिज्ञासा व्यक्त की गई कि भारत ने विगत 4 वर्षों में स्वच्छता के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किया गया है उसके बारे में विस्तार से बताया जाए।

# यूपी से बाजरा खरीद हरियाणा में बेचने पहुंचे, ट्रक सहित गिरफ्तार

## गाड़ियों में दो हजार कट्टे लदे थे, चार लोगों को हिरासत में लिया गया

- पुलिस की कार्रवाई से अधिकारियों व आढ़तियों में हड़कंप मच गया
- कमेटी की अनुमति के बिना स्टॉक करने पर 15 हजार की पेनल्टी लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

उत्तर प्रदेश के मथुरा से सस्ते भाव में बाजरा खरीदकर कोसली की मंडी बेचने के प्रयास में कोसली थाना पुलिस ने गांव भाकली गांव के समीप से बाजरे के करीब दो हजार कट्टों से लदे दो ट्रक व एक ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में चार व्यक्तियों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अधिकारियों से लेकर आढ़तियों में हड़कंप मच गया है। बाद में बताया गया कि व्यापारी खुले मार्केट में बेचने के लिए बाजरे का सटॉक कर रहे थे। लेकिन मार्केट कमेटी की अनुमति के बिना स्टॉक करने पर उनपर करीब 15 हजार रुपये पेनल्टी लगाई गई है। ऐसा ही मामला दो दिन पहले भी सामने आया था। जानकारी के कोसली थाना क्षेत्र के गांव भाकली के समीप खड़े ट्रकों से कुछ लोग बाजरा ट्रैक्टर-ट्राली में लोडकर रहे थे। ग्रामीणों ने पूछताछ की तो बताया गया कि वे मथुरा से कोसली की मंडी में बेचने के लिए लाए है। जिला पार्षद शारदा देवी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोसली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दो ट्रक व ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया। बताया गया है कि इन वाहनों में बाजरे के करीब दो हजार कट्टे लदे हुए थे। ट्रक चालकों ने बताया कि वे बाजरा मथुरा से लाए है तथा कोसली की अनाज मंडी में बेचेंगे। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो पुलिस वाहनों व उनके चालकों को पुलिस थाना में ले गई। पुलिस ने आगामी कार्रवाई के लिए कोसली की मार्केट सचिव को सूचना दी गई।



### ट्रकों में लोड कर रहे थे बाजरा

शारदा देवी, जिला पार्षद ने बताया कि गांव भाकली में खड़े ट्रकों से कुछ लोग बाजरा ट्रैक्टर-ट्राली में लोड कर रहे थे। पूछताछ की तो बताया कि मथुरा से लाकर कोसली मंडी में बेचने के लिए ले जा रहे हैं। उसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पूछताछ के लिए कब्जे में ले लिया।

### मथुरा से एक हजार में खरीदकर लाए थे

जानकारी के अनुसार मथुरा से बाजरा खरीद कर कोसली के आढ़तियों व अधिकारियों से सांठगाठ कर मंडी में बेचा जाता है। दो दिन पूर्व भी ऐसा ही एक मामला कोसली मंडी में सामने आया था, जिस पर करीब 10 हजार रुपये का जुर्मान किया गया था।

### जुर्माना लगाया

पुलिस की सूचना के बाद ट्रक चालकों से परमिट मांगे गए लेकिन वे नहीं दिखा पाए। हालांकि उनके पास पक्के बिल थे। वे खुले बाजार में बेचने के लिए कोसली लेकर आए थे। उनपर जुमार्ना किया गया है। -**सुनीता देवी,** मार्केट सचिव कोसली।

### कार्रवाई की जा रही

गांव भाकली से ट्रक व ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया गया है, जिसमें बाजरे के कट्टे लदे हुए थे। मार्केट कमेटी के सचिव को सूचना दे दी गई है। सचिव के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैसे मामले में कोई क्रिमिनल ऑफेंश नहीं बनता है।
-**विकास कुमार,** एसएचओ कोसली।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस के मामले में 4 महीने की सजा

**अंबाला।** चेक बाउंस के एक मामले में अदालत ने अंबाला छावनी निवासी ताराचंद को चार महीने कैद की सजा सुनाई है। हालांकि ताराचंद की ऊपरी अदालत से जमानत हो गई। जानकारी अनुसार ताराचंद ने इंडसइंड बैंक से टाटा ऐस गाड़ी के लिए लोन लिया था। लोन की किस्ते जमा न करवाने पर बैंक ने ताराचंद की गाड़ी की रिकवरी कर ली थी और उसके बाद बैक ने ताराचंद से बाकी के 75 हजार रुपये लेने थे, जिसके लिए ताराचंद ने बैंक को 75 हजार रुपये का चेक दिया था। यह चेक बाउंस हो गया, जिसके बाद बैंक ने ताराचंद के खिलाफ अदालत में केस दायर किया था। अब अदालत ने ताराचंद को चार महीने की कैद की सजा व 75 हजार रुपये जुमार्ना अदा करने के आदेश दिए हैं। अदालत में बैंक की ओर लीगल मैनेजर अर्जुन वोहरा की गवाही हुई थी।

### ससुरालियों ने कराया गर्भपात का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता का जबरन गर्भपात कराने वाले ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में धारूहेड़ा वार्ड नंबर-8 निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी पटौदी निवासी संजय के साथ वर्ष 2015 में हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान किया जा रहा था। कई बार उसे जान से मारने की धमकी भी दी। हद तो तब हो गई जब ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसका जबरन गर्भपात करा दिया। महिला थाना पुलिस ने आरोपित ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ओटीपी पूछ खाते से निकाले 47 हजार रुपये

**बराड़ा।** ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर पीड़ित को एटीएम कार्ड का पिन जनरेट करने के लिए फोन किया और फोन पर आए ओटीपी को पूछ कर बैंक खाते से 47 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस को अपने साथ हुई इस ठगी की शिकायत दे दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बराड़ा के सिंहपुरा मोहल्ला निवासी हरमीत सिंह ने आरबीएल बैंक में अपना खाता खुलवाया और बैंक से क्रेडिट कार्ड बनवाया। एक दिन उसके पास फोन आया जिसमें फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया और कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड का पिन जनरेट करना है इसलिए वह फोन में आने वाले ओटीपी को बताएं।

### युवक का जला शव मिलने से हड़कंप

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद के गांव रतनगढ के पास एक युवक की हत्या करके उसका शव जला दिया गया है। शव पूरी तरह से जल चुका है जिस कारण किसी तरह का सबूत पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस जलने वाले युवक की सरगर्मी से पहचान करने में लगी हुई है आखिर क्यों इस युवक को यहां पर लाकर मारा गया फिर उसे जिंदा जला दिया गया। पुलिस के लिए यह पहेली बना हुआ है। पुलिस आसपास के खेतों में जांच में जुटी हुई है।

# कारागार में मिला मोबाइल फोन व आरी के ब्लेड, केस

- सामान पुलिस लाइन की तरफ से फेंके जाने की संभावना जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कारागार में मोबाइल फोन, सिम व आरी के ब्लेड मिलने का मामला सामने आया है। जेल उपअधीक्षक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कारागार में उक्त सामान पुलिस लाइन की तरफ से फेंके जाने की बात सामने आया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जेल उपअधीक्षक रामचंद्र ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गत 31 अक्टूबर व 1 नवंबर की रात को करीब 2 बजे कारागार कर्मी चक्कर लगाकर बुर्ज नंबर-1 की तरफ पहुंचा। उसने बुर्ज पर तैनात वार्डर संदीप को जानकारी दी कि पुलिस लाइन की तरफ से कारागार के अंदर कुछ फेंका गया है। मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद रात को रही जांच की। जांच में के दौरान महिला वार्ड के पास कोने में खाकी रंग की टेप में लिपटा हुआ एक पैकेट बरामद हुआ। पैकेट को खोलकर देखा तो उसमें काले रंग का मोबाइल फोन, सिम, बैटरी तथा, पांच-पांच इंच के दो टूकड़ों में अखबार के अंदर लिपटे आरी के ब्लेड मिले। मामले की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया हि पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सामान फेंकने वाले तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# पंजाब: वेतन न मिलने पर दी संघर्ष तेज करने की चेतावनी

**बठिडा (पंजाब)।** डेमोक्रेटिक टीचर फ्रंट यूनियन की ओर से सरकार द्वारा अक्टूबर महीने कावेतन रोकने के फैसले की निंदा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिर्फ खाली खजाने का ढिंढोरा पीटकर लोगों पर टैक्सों का बोझ डालना सरकार की चाल है। एक तरफ विधायकों की पेंशन बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। दूसरी तरफ हर महीने बिजली व टैक्सों में बढ़ावा कर लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। वहीं पंजाब के वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल की खजाना मंत्री के तौर पर असफलता पर भी सवाल उठाए। नेताओं ने आरोप लगाए गए कि वित्तमंत्री के खजाने का मुंह लोगों के लिए नहीं खुलता। नेताओं ने मांग की सरकार अक्टूबर महीने का कर्मचारियों को वेतन जारी करे नहीं तो अगले दिनों में जोरदार संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रधान रेशम सिंह खेमूआणा के जिला सचिव बलजिदर सिंह, प्रदेश कमेटी मेंबर जसविदर सिंह, प्रेस सचिव परविदर, एसएसए रमसा से प्रदेश महासचिव हरजीत जीदा, 6060 केडर यूनियन से विकास, ईटीटी टीचर यूनियन के आनंद सिंह, प्रदेश प्रधान जगसीर सहोता, बीएड अध्यापक फ्रंड से राजवीर मान, 5178 मास्टर केडर यूनियन से जिला प्रधान अश्वनी कुमार, नव नियुक्त ईटीटी अध्यापक यूनियन के जिला प्रधान राम भजन सिंह व कंप्यूटर टीचर यूनियन से प्रदेश नेता एकम ओंकार सिंह भी उपस्थित थे।

**स्काईवेब इंफोटेक लिमिटेड**
CIN : L72200DL1985PLC019763
पंजीकृत कार्यालय : के-20, द्वितीय तल, लाजपत नगर, भाग-2, नई दिल्ली-110024
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 2ए, प्रथम तल, सेक्टर-126, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301
फोन : 0120-6721900
E-mail : info@skywebindia.in

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29(1)(ए) के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 13 नवम्बर 2019 को आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sky-webindia.in तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.msei.in पर देखी जा सकती है।

बोर्ड के आदेशानुसार
स्काईवेब इंफोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
अमित महाजन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता नं. 24167

स्थान : नोएडा (यू.पी.)
दिनांक : 02.11.2019

**सीयू में होगा व्याख्यान (महेंद्रगढ़)।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ हरियाणा में चार नवंबर से नई शिक्षा नीति पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला की शुरूआत होगी। हरियाणा केंद्रीय विवि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य और शिक्षा व अनुसंधान में नवीन कार्ययोजना को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राज्यपाल आर्य से मिले उपमुख्यमंत्री चौटाला



**चंडीगढ़।** शनिवार को राज्य के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राजभवन जाकर राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य से शिष्टाचार भेंट की।

### दोस्त के बेटे की जन्मदिन पार्टी में गए युवक की हत्या

**गोहाना।** गांव हसनगढ़ में शुक्रवार रात को जन्मदिन पार्टी में दो युवकों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। एक युवक ने आवेश में आकर दूसरे युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव खेत में लहूलुहान हालत में पड़ा देख कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर एक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

# अमरिंदर ने किसानों को पराली प्रबंधन के लिए बोनस देने का किया अनुरोध

**चंडीगढ़।** जहरीली हवा से दिल्ली के 'गैस चैंबर' में बदलने के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने अपने राज्य में पराली जलाने से किसानों को नहीं रोक पाने के लिए कुछ हद तक जिम्मेदारी ली और केंद्र से किसानों को अलग से बोनस प्रदान करने का अनुरोध किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी में बढते वायु प्रदूषण के लिए लगातार पड़ोसी राज्यों-हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इस बीच, सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में अपना क्षोभ प्रकट करते हुए किसान समर्थक प्रस्ताव दिए हैं। सिंह ने एक पत्र में कहा, ''कोई भी भारतीय और निश्चित रूप से पंजाब में कोई भी



व्यक्ति, राष्ट्रीय राजधानी में हमारे भाइयों के दुख से बेखबर नहीं है।'' उन्होंने दुख जताया कि दिल्लीवासी गंभीर वायु प्रदूषण में सांस ले रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, ''कैसे एक देश को विकसित कहा जा सकता है, अगर उसकी राजधानी गैस चैंबर बन गयी है वो भी प्राकृतिक आपदा से नहीं बल्कि मानव निर्मित कारणों से।'' दिल्ली के लोगों को हो रही दिक्कतों से खुद को जोड़ते हुए सिंह ने कहा कि मेरे बच्चे और नाती-पोते भी दिल्ली में रह रहे हैं और वे भी दिल्ली के प्रदूषण के दुष्प्रभावों को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति ने प्रगतिशील और विकसित राष्ट्र होने के हमारे दावों की पोल खोल दी है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली के वायु प्रदूषण के लिए पंजाब अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ रहा है। उन्होंने माना कि गलत दिशा में बह रही हवा के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण जहरीले स्तर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि पंजाब ने पराली जलाने के खिलाफ कानून लागू करने का हरसंभव प्रयास किया और किसानों पर जुर्माना भी लगाया। ''जबकि, यह एक समुदाय को दंडित करने की मेरी सोच के विपरीत था, जिन्हें राष्ट्र की तरफ से हमेशा नुकसान हुआ और नुकसान हो रहा है।''

**विज्ञापन**

पराली जलने की घटनाओं एवं वायु प्रदुषण को कम करने के लिए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा चालू वर्ष 2019-20 में सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन (समैम) स्कीम में स्ट्रा बेलर यूनिट (स्ट्रा बेलर, हे रेक तथा स्लैशर/शरब मास्टर) कृषि यन्त्र सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, करनाल, व कुरूक्षेत्र जिले के किसान भाईयों को अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। अतः इच्छुक किसान भाईयों www.agriharyanacrm.com Portal पर दिनांक 05-11-2019 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों से अथवा विभाग के कन्ट्रोल रूम से 18001802117, 0172-2521900 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**महानिदेशक,**
**कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा**

# कांग्रेस मुख्यमंत्री के सलाहकारों को अवैध रूप से नियमित करने का प्रयास कर रही है: शिअद

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने आरोप लगाया है कि पंजाब की कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्तियों को 'अवैध रूप से नियमित' करने की कोशिश कर रही है। शिअद ने आरोप लगाया कि पंजाब में कांग्रेस सरकार एक कानून में संशोधन करने का निर्णय करके नियुक्तियों को ''असंवैधानिक ढंग से नियमित'' करने की कोशिश कर रही है। कानून में संशोधन के जरिये योजना और राजनीतिक मामलों के लिए मुख्यमंत्री के सलाहकारों को लाभ के पद को रखने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकेगा। पंजाब मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब राज्य विधानमंडल (अयोग्यता एवं रोकथाम) अधिनियम, 1952 में संशोधन करने का निर्णय किया है जिसके तहत मुख्यमंत्री के योजना एवं राजनीतिक सलाहकार लाभ का पद धारण करने के कारण अयोग्य घोषित नहीं होंगे। पूर्व मंत्री और शिअद नेता विक्रम सिंह मजीठिया ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस विधायकों अमरिंदर सिंह राजा, कुलजीत सिंह नाग्रा, संगत सिंह गिलजियां, इंद्रवीर सिंह बोलारिया, कुशलदीप ढिल्लों और तरसेम सिंह डीसी कैबिनेट रैंक/राज्य मंत्री रैंक के सलाहकार के रूप में लाभ का पद स्वीकार करके पहले ही अयोग्यता को न्योता दे चुके है। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां संविधान के 91वें संशोधन का उल्लंघन है।

### पत्नी के साथ धोखाकर दूसरी शादी रचाई

**रेवाड़ी।** एक विवाहिता ने अपने पति के खिलाफ दूसरी लड़की से शादी करने व ससुरालियों के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का केस दर्ज कराया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में कहा कि उसकी शादी फरीदाबाद के तिगांव निवासी राजकुमार नागर के साथ हुई थी। आरोप है कि राजकुमार ने बगैर उसे तालाक दिए ही किसी मोनिका नाम की लड़की से शादी कर ली।




### सरकार ने एजी और डिप्टी एजी से इस्तीफे मांगे

# अतिरिक्त महाधिवक्ताओं को छोड़ना होगा पद

- प्रदेश के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन पद पर बने रहेंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश की मनोहरलाल सरकार (पार्ट टू) में भी हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन ही प्रदेश के एजी (एडवोकेट जनरल) होंगे। भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री ने महाजन को इसी तरह से काम जारी रखने के लिए कहा है। भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल में एडीशनल, डिप्टी एजी लगाए गए (कानूनी अधिकारियों) को तुरंत ही इस्तीफे दिए जाने का आदेश दिया है। खास बात यह है कि काफी संख्या अर्थात 80 फीसदी तक ने एएजी और डिप्टी एजी द्वारा इस्तीफे दे दिए गए थे, जबकि काफी बिना इस्तीफा दिए ही दूसरी सरकार में भी पारी खेलने के लिए अपने सियासी आकाओं के संपर्क में थे। एजी (हरियाणा) बलदेवराज महाजन को सूबे की मनोहरलाल सरकार द्वारा केबिनेट का रेंक दिया गया है। महाजन ने भी सूबे के मुख्यमंत्री मनोहरलाल को अपने इस्तीफे की पेशकश की थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने उन्हें दोबारा से काम करने के लिए तैयार कर लिया है। सूबे में 137 ला आफिसर जहां हाईकोर्ट में पैरवी के लिए हैं, वहीं 40 सुप्रीम कोर्ट में पैरवी के लिए रखे गए हैं।



### 137 हाईकोर्ट और 40 सुप्रीम कोर्ट में कर रहे पैरवी



महाजन के साथ में 137 कानून अधिकारियों (ला आफिसर्स) की नियुक्ति की गई थी। इनमें 53 सहायक महाअधिवक्ता जबकि 50 उपमहाअधिवक्ता की नियुक्ति की गई थी। एक वरिष्ठ उपमहाअधिवक्ता के अलावा 33 अतिरिक्त महाअधिवक्ता नियुक्त किए गए थे। जबकि 40 कानून अधिकारी सर्वोच्च न्यायालय मे मामलों की पैरवी करने के लिए काम कर रहे हैं।गौरतलब है कि पूर्व में ला अफसरों की नियुक्ति के सिस्टम को लेकर भी सवाल उठते रहे थे। इतना ही नहीं खुद एजी और कानूनविद चाहते थे कि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में लगने वाले वकील बेहतरीन काम करने वाले हों, ना कि केवल वे राज्य सरकार के खजाने पर बोझ बने रहें। इसी क्रम में एजी महाजन के कार्यकाल में भी ला अफसरों को काफी देखने परखने के बाद में जगह मिली थी। अब पहले कार्यकाल के पाचं साल पूर्ण हो जाने और भाजपा द्वारा गठबंधन के साथ में सरकार बनाने के बाद हालात बदले हुए हैं।

### एडवोकेट जनरल को दिया गया है कैबिनेट मंत्री का दर्जा

यहां पर बता दें एजी (एडवोकेट जनरल) प्रदेश का उच्च कानूनी आफिस है। बलदेवराज महाजन को राज्य की मनोहरलाल सरकार द्वारा केबिनेट रेंक दिया गया है। उनके नेतृत्व में गत पांच साल में कानूनी अफसरों ने कई चुनौतीपूर्ण मौकों पर अफसरों ने बेहतरीन काम किया। खुद महाजन हरियाणा विधानसभा के अंदर राज्य सरकार के लिए संजीवनी साबित हुए। महाजन ने एसवाईएल मामले के अलावा भी कई अहम मामलों में खुद विधानसभा में पहुंचकर सीएम मनोहरलाल के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था, इसीलिए सीएम की गुडबुक में आने वाले महाजन को फिलहाल अभयदान मिल गया है। एजी महाजन को छोड़कर सभी कानून अधिकारियों को तुरंत ही इस्तीफे देने के लिए कहा गया है। हालांकि 70 से 80 फीसदी ने अपने इस्तीफे सौंप दिए थे, जबकि कुछ अभी भी अपने सियासी आकाओं से संपर्क कर दूसरे कार्यकाल में भी लगे रहने के लिए हाथपैर मार रहे हैं।

## खबर संक्षेप



रांची। शनिवार को बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास हार्डवेयर की दुकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास करता अग्निशमन का कर्मचारी।

### ग्रामीणों के हमले में नौ सिपाही घायल, केस दर्ज

**गोण्डा।** जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों द्वारा पुलिस कर्मियों पर किए गए कथित हमले में प्रभारी निरीक्षक समेत नौ पुलिस कर्मियों को चोटें आई हैं। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कोतवाली नगर पुलिस पर अवैध वसूली व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कई लोगों ने डीएम व एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। दोनों अधिकारियों के अन्यत्र शासकीय कार्यों में व्यस्त होने के कारण उनसे मुलाकात न होने पर नाराज ग्रामीणों ने गोण्डा लखनऊ राजमार्ग जाम कर दिया। जाम खुलवाने के लिए वहां पहुंची पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर हमला कर दिया।

### झारखंड: लड़की से छेड़छाड़ पर व्यक्ति की हत्या

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति की तीन लोगों ने हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत महाता ने शनिवार को बताया कि घटना 28 अक्टूबर की शाम को तब हुई जब मोहम्मद इस्माइल नामक व्यक्ति 'हड़िया' (चावल की शराब) पीने के लिये गुलुरुआ गांव गया था। इस्माइल राजमिस्त्री था। इस्माइल ने एक व्यक्ति की बहन से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। इससे गुस्साए व्यक्ति ने दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मार-मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एक कुएं में फेंक दिया था।

# अयोध्याः न जीत का जुनूनी जश्न, न हार का हाहाकारी हंगामा हो

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

अयोध्या में राम मंदिर को लेकर उच्चतम न्यायालय के बहुप्रतीक्षित फैसले से पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि इस फैसले को लेकर जीत का जुनूनी जश्न नहीं होना चाहिए और न ही हार का हाहाकारी हंगामा होना चाहिए। यहां उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में 10 दिनों तक चलने वाले हुनर हाट का उद्घाटन करने आए नकवी ने कहा कि ऐसे (अयोध्या मामला) संवेदनशील मुद्दे पर हमारा यही मानना है कि उच्चतम न्यायालय का जो भी फैसला आता है, उसे सभी को स्वीकार करना चाहिए। हुनर हाट के बारे में उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में प्रथम 100 दिनों में ही उनके मंत्रालय ने देश के अलग अलग हिस्सों में 100 हुनर हब स्वीकृत किए हैं जहां दस्तकारों, शिल्पकारों, पारंपरिक खानसामों को मौजूदा जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षण दिया जाएगा व उनके हुनर को निखारा जाएगा। मंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में देश के प्रख्यात आर्थिक केंद्रों में आयोजित 12 से अधिक हुनर हाट के जरिए ढाई लाख से अधिक कारीगरों, शिल्पकारों व उनसे जुड़े लोगों को रोजगार और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

## प्रयागराज में हुनर हाट का उद्घाटन करने आए नकवी ने की अपील

### अगले पांच वर्षों में 100 हुनर हाट होंगे आयोजित

नकवी ने कहा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय अगले पांच वर्षों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में 100 हुनर हाट का आयोजन करेगा। आने वाले दिनों में दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ, अहमदाबाद, देहरादून, पटना, इंदौर, नागपुर, रायपुर, हैदराबाद, पुडुचेरी, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू, शिमला, गोवा, कोच्चि, गुवाहाटी, रांची, भुवनेश्वर, अजमेर आदि में हुनर हाट का आयोजन किया जाएगा। अगला हुनर हाट दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर व मुंबई में 20 से 31 दिसंबर के बीच आयोजित होगा।

- प्रयागराज के उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में 10 दिनों तक चलेगा हुनर हाट



### प्रयागराज में पहुंचे करीब 300 दस्तकार, शिल्पकार

प्रयागराज में आयोजित हुनर हाट में देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक दस्तकार, शिल्पकार और खानसामें हिस्सा ले रहे हैं। वर्ष 2019-20 के सभी हुनर हाट 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' विषय पर आधारित होंगे।

## चिन्मयानंद प्रकरण: एसआईटी ने मुमुक्षु आश्रम के पास नाले में की खोज

# नाले से मिला पीड़िता का पर्स जासूसी चश्मे की है तलाश

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने मुमुक्षु आश्रम के पास नाले में खोज के दौरान पीड़िता का पर्स बरामद किया।

सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अब एसआईटी को उस चश्मे की तलाश है जिसमें लगे जासूसी कैमरे की मदद से पीड़िता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री की मालिश करते हुए वीडियो बनाया था। एसआईटी सूत्रों ने बताया पीड़िता ने जिस चश्मे की मदद से वीडियो बनाया था, वह चश्मा छात्रा के हॉस्टल से नहीं मिला। इस चश्मे को अहम सबूत मान रही एसआईटी के एक दल ने शनिवार की सुबह मुमुक्षु आश्रम के पास नाले में स्थानीय पुलिस तथा मजदूरों की मदद से खोज की। खोज के दौरान नाले में पीड़िता का पर्स मिला परंतु चश्मा अभी तक नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि मामले में एसआईटी ने अंतिम चरण में अपनी जांच तेज कर दी है क्योंकि चिन्मयानंद की जमानत अर्जी पर आठ नवंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बहस होनी है। अदालत ने एसआईटी से सात नवंबर तक जवाब मांगा है।



- मामले में एसआईटी ने अंतिम चरण में अपनी जांच तेज कर दी
- अदालत ने एसआईटी से सात नवंबर तक मांगा है जवाब
- चिन्मयानंद की बेल रिट पर आठ को इलाहाबाद हाईकोर्ट में होगी बहस

### पीड़िता के पिता-मां से हुई लंबी पूछताछ

सूत्रों ने बताया कि पीड़िता के पिता, मां से शुक्रवार को दोपहर से देर शाम तक एसआईटी ने लंबी पूछताछ की थी। उल्लेखनीय है कि स्वामी सुखदेवानंद विधि महाविद्यालय की छात्रा ने 24 अगस्त को वीडियो वायरल कर पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद पीड़िता लापता हो गई थी।

### फिलहाल चिन्मयानंद, पीड़िता समेत 5 आरोपी जेल में हैं बंद

चिन्मयानंद के अधिवक्ता ने पीड़िता पर पूर्व केंद्रीय मंत्री से रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया था। पीड़िता के पिता ने चिन्मयानंद के विरुद्ध भी मामला स्थानीय शहर कोतवाली में दर्ज कराया था। दोनों मामलों की जांच एसआईटी कर रही है। मामले में चिन्मयानंद, पीड़िता व तीन अन्य आरोपी जेल में बंद हैं।

### बांदा: सामूहिक बलात्कार का वीडियो वायरल, छह के खिलाफ मामला दर्ज

**बांदा।** चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र की महिला के साथ चार दिन पूर्व हुए कथित सामूहिक बलात्कार का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मऊ थाना प्रभारी (एसओ) अरुण पाठक ने शनिवार को बताया कि सोशल मीडिया पर सामूहिक बलात्कार का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले के छह आरोपियों में से चार की वीडियो के आधार पर पहचान हो चुकी है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर विक्की गर्ग, कुलदीप, डीजे व कारतूस के अलावा दो अज्ञात नकाबपोश युवकों पर सामूहिक बलात्कार, लूटपात व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। 14 सेकेंड का यह वीडियो 28 अक्टूबर का है। 24 साल की महिला अपने जीजा के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी, तभी रास्ते में छह युवकों ने हथियार दिखाकर उन्हें रोका। लूटपाट का विरोध करने पर जीजा को पेड़ से बांध कर महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

#### थाने में नहीं हुई सुनवाई

पीड़िता का दावा है कि उसने घटना के ही दिन मऊ थाना पहुंच कर मौखिक तौर पर पूरी सूचना पुलिस को दी पर उसे डांट कर भगा दिया गया। महिला का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद वह खुद पुलिस अधीक्षक से मिली, तब मुकदमा दर्ज किया गया।

## काशी में 36 घंटे तक गुल रही थी बिजली

# योगी सरकार ने डायरेक्टर को डिमोट कर बना दिया इंजीनियर

एजेंसी ⏭ वाराणसी



यूपी सरकार के ऊर्जा विभाग में पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरतने पर निगम के डायरेक्टर को डिमोट कर इंजीनियर बना दिया है। सरकार ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक अंशुल अग्रवाल का डिमोशन कर दिया है। अंशुल अग्रवाल को मुख्य अभियंता बना दिया गया है। इससे पहले वह तकनीकी निदेशक थे। दरअसल, ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने अंशुल के निदेशक पद पर रहते हुए अपने काम में लापरवाही बरतने के आरोपों के बाद लिया है। वाराणसी के चौधरी उप केंद्र से 7 जुलाई को 18 घंटे व 21 जुलाई को 36 घंटे बिजली गुल रहने के बाद श्रीकांत शर्मा ने अंशुल को पदावनत करने का फैसला लिया। सरकार के मुताबिक सरकार सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से बिजली देने के लिए कृतसंकल्प है, इसमें लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम के संसदीय क्षेत्र में कम बिजली आपूर्ति, बिजली की गड़बड़ी को देर से ठीक करने के मामले में यह फैसला लिया गया। यूपी सरकार का फैसला 7 जुलाई को कटी बिजली को लेकर लिया गया है। इससे ठीक पहले जून के महीने में ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए पावर कार्पोरेशन के 31 कार्मिकों के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे।

### शर्मा ने दिए थे कड़े निर्देश

श्रीकांत शर्मा ने जिन कार्मिकों पर उपभोक्ता उत्पीड़न या भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच लंबित थी, उन पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। साथ ही जांच या विजिलेंस के मामलों को जान बूझकर दबाकर रखने वाले अधिकारियों पर भी प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही थी।

### अन्य मामलों में भी कर्मियों पर चलेगा अभियोजन

इसके बाद पावर कार्पोरेशन द्वारा विद्युत आघात से मृत्यु, बिलों में हेराफेरी, आय से अधिक संपत्ति, घूस लेना, सामग्री का त्रुटिपूर्ण लेखांकन, विद्युत चोरी में संलिप्तता, राजस्व हानि पहुचाने एवं लापरवाही आदि अनियमितताओं में दोषी पाए गए 31 कर्मिकों के विरुद्ध अभियोजन चलाए जाने की अनुमति दे दी गई।

## राशिफल 03 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर चीजें पक्ष में रहेंगी। आर्थिक मोर्चे पर सकारात्मक विकास की उम्मीद है। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ खानपान की आदत डालें। प्रॉपर्टी खरीदने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक:** 7, **रंग :** क्रीम।

**वृष:** कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। धन लाभ के योग बन रहे हैं। वज़न नियंत्रित करने में कोई आपकी मदद करेगा। घर का फर्नीचर बदलने की सोचेंगे। **शुभ अंक:** 6, **रंग:** क्रीमसन।

**मिथुन:** अपने क्लाइंटस बढ़ाने के लिए कुछ अलग सोचने की जरूरत है। व्यापारियों को धन लाभ के योग बन रहे हैं। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ खानपान की आदत डालें। **शुभ अंक :** 1, **रंग:** मर्जेंटा।

**कर्क:** धन संबंधित मामलों पर ध्यान देंगे। प्रोफेशनल अपने रेट और चार्जेस बदल सकते हैं। सेहत को लेकर ध्यान देने की जरूरत है। किसी को अपने घर आमंत्रित कर सकते हैं। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** लेमन।

**सिंह:** पर्सनली, प्रोफेशनली दिन अच्छा रहेगा। किसी चीज में निवेश करने का मौका मिल सकता है। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंक:** 2, **रंग:** हल्का ग्रे।

**कन्या:** काम को लेकर अलग अलग जगह जाना होगा। निवेश फायदेमंद साबित होगा। सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। अपने दोस्त के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक:** 22, **रंग:** क्रीम।

**तुला:** पढ़ाई में परफॉर्मेंस से संतुष्ट रहेंगे। आर्थिक स्थिति के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक गतिविधियों के बाद आराम की जरूरत है। किसी खूबसूरत जगह शिफ्ट हो सकते हैं। **शुभ अंक:** 17, **रंग :** ब्राउन।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र पर मेहनत करने की जरूरत है। प्रोजेक्टस से धन लाभ के योग हैं। नियमित व्यायाम के चलत सेहत अच्छी रहेगी। दोस्तों, सहयोगियों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक:** 9, **रंग :** लेमन।

**धनु:** आज के दिन का आनंद लें। अपनी क्षमता के चलते किसी डील को पाने में कामियाब होंगे। परिवार में किसी बीमार व्यक्ति की देखभाल करने की सभी प्रशंसा करेंगे। **शुभ अंक :** 3, **रंग:** रोज।

**मकर:** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। सेहतमंद रहने को स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। परिवारिक सदस्य की मदद कर सकते हैं। **शुभ अंक :** 4, **रंग:** डार्क स्लेट ग्रे।

**कुंभ :** व्यवसाय के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक रुप से मजबूत रहेंगे। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। परिवार के साथ किसी समारोह में हिस्सा लेंगे। **शुभ अंक :** 15, **रंग:** वॉयलेट।

**मीन:** कार्यक्षेत्र पर कई काम करने को मिलेगा। पर्सनल चीजों का ध्यान रखें। सेहत को लेकर किसी की सलाह आपके काम आएगी। घर को लेकर कोई अधूरा काम पूरा करा सकते हैं। **शुभ अंक :** 5, **रंग :** सी ग्रीन।

**: टिप्स :**

1. रसोई घर में कम वॉट वाली क्षमता के बल्बों को बदलकर तेज रोशनी के बल्ब लगाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को बढ़ावा मिलता है।
2. फेंगशुई के अनुसार रसोई घर में शीशे का मर्तबान लकड़ी का चम्मच एक चाकू माचिस का डब्बा या लाइटर और सेरेमिक का बरतन इन सबको सही अनुपात में रखने पर रसोई में एक संतुलन बना रहता है और घर में समृद्धि आती है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# सीएम नीतीश समेत लाखों छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

एजेंसी ⏭ पटना

राजधानी पटना में स्थित गंगा तटों, तालाबों व घर-अपार्टमेंट की छतों पर लाखों व्रतियों ने शनिवार की शाम सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। वहीं बिहार के चर्चित सूर्यपीठों जैसे औरंगाबाद के देव, पटना जिले के उलार,पुण्यार्क मंदिर पंडारक में लाखों की तादाद छठ व्रती सूर्य भगवान को अर्घ्य प्रदान किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। एक अणे मार्ग में अर्घ्यदान के दौरान उनके बड़े भाई समेत अन्य परिवारीजन भी मौजूद रहे। रविवार की सुबह लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो जाएगा। शनिवार की शाम राजधानी पटना के गंगा घाटों पर भगवान भाष्कर को पहला अर्घ्य देने के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। एनआईटी गांधी घाट, कालीघाट, दीघा, पाटीपुल, दीघा गेट नं.93, कलेक्ट्री घाट, कुर्जी, बांसघाटों पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। पारंपरिक छठ गीतों ...मारबउ रे सुगवा धनुष से ...कांच की बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए... होख न सुरुज देव सहइया... बहंगी घाट पहुंचाए...से पूरा शहर और सूबा भक्तिमय हो गया। धार्मिक मान्यता है कि छठ महापर्व में नहाए-खाए से पारण तक व्रतियों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है।



- आज सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो जाएगा छठ

### योगी ने भी की पूजा...



**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोमती नदी में छठ पूजा के दौरान जोरदार अनुष्ठानों के साथ छठ पूजा की। सीएम योगी पानी में लंबे समय तक खड़े रहे व शान्ति स्थापित करने की कामना करते हुए अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।



आगरा। ताजमहल के पास यमुना नदी में छठ पूजा करते भक्त।

### बेदी बनाते समय छात्र डूबा, मौत

**बलिया (उप्र)।** जिले के गड़वार थाना क्षेत्र में छठ पूजा के लिए बेदी बनाने गए पॉलीटेक्निक के छात्र की तालाब में डूबकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पॉलीटेक्निक की पढ़ाई कर रहा रतसर खुर्द गांव निवासी सूर्य प्रताप सिंह (20) छठ पूजा के लिए छुट्टी में घर आया था। शुक्रवार शाम वह गांव के बैजू बाबा पोखरे (तालाब) पर छठ पूजा के लिए बेदी बनाने गया था। बेदी बनाने के बाद पोखरे में पैर धोते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। कुछ समय बाद उसके शव को पोखरे में तैरता देख वहां नहा रहे लोगों ने उसे बाहर निकाला। उन्होंने पुलिस, परिजन को सूचना दी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष लल्लू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी



**कुशीनगर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व तमकुहीराज के विधायक अजय कुमार लल्लू के खिलाफ प्रयागराज स्थित स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने कुर्की, गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। विधायक बनने से पूर्व संघर्ष के दिनों में रेल संचालन को बाधित करने के मामले में वर्ष 2008 में उन पर केस कप्तानगंज आरपीएफ थाने में दर्ज किया गया था। अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी। आरोप है कि लल्लू के नेतृत्व में रेल लाइन पर धरना प्रदर्शन कर ट्रेन रोकी गई थी। इससे रेल संचालन प्रभावित हुआ था। आरपीएफ ने रेल अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया था। कोर्ट में प्रकरण की सुनवाई के दौरान विधायक गैरहाजिर चल रहे थे। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया, डुग्गी पिटवाने का आदेश जिम्मेदारों को दिया था। गुरुवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद गिरफ्तारी व कुर्की का वारंट जारी किया है। कोर्ट ने गैर जमानती वारंट की तामील के लिए एसपी कुशीनगर को पत्र लिखा है।

### पिथौरागढ़ उपचुनावः भाजपा ने चंद्रा पंत को उम्मीदवार बनाया

**देहरादून।** भाजपा ने उत्तराखंड की पिथौरागढ़ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए चंद्रा पंत को पार्टी उम्मीदवार बनाये जाने की शनिवार को घोषणा की। पेशे से शिक्षिका चंद्रा पंत राज्य के पूर्व वित्त, संसदीय कार्य मंत्री प्रकाश पंत की पत्नी हैं। प्रकाश का जून में निधन हो गया था जिस कारण राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में स्थित इस सीट पर उपचुनाव कराया जाना है। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्य भाजपा के मीडिया प्रभारी देवेन्द्र भसीन ने इस सीट के लिए चंद्रा पंत की उम्मीदवारी की घोषणा की। पिथौरागढ़ सीट पर 25 को उपचुनाव होना है और मतगणना 28 नवम्बर को होगी।

## मैजिक से कुचलकर खादी ग्रामोद्योग कर्मी की मौत, परिजनों ने चार घंटे रोड किया जाम

एजेंसी ⏭ औरंगाबाद

छठ महापर्व के तीसरे दिन शनिवार को ओबरा में हृदयविदारक घटना घाटी। एनएच 139 पर बेल मोड़ के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समाने मैजिक वाहन से कुचलकर व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के गिरा गांव निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद के रूप हुई। राजेंद्र खादी ग्रामोद्योग में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे वो टहलने के लिए निकले थे, बेल मोड़ के समीप चाय दुकान से चाय पीकर अपने भाई उदय प्रसाद के साथ खादी ग्रामोद्योग लौट रहे थे। तभी दाउदनगर की ओर से छठ व्रतियों को लेकर देव जा रही लाल रंग की मैजिक गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उपेंद्र घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों, ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग पर सड़क जाम कर यातायात बाधित कर दिया। छह बजे से 10 बजे तक चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा।



### अफसरों ने परिजनों को दिया मुआवजे का भरोसा

घटना की सूचना पर बीडीओ अशोक कुमार, थानाध्यक्ष संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे व लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बीडीओ ने परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग सड़क से हटे।

## आगराः 15 दिन में जुर्माना जमा न किया तो यूपीपीसीबी दर्ज कराएगा केस

# फैलाया प्रदूषण, एनएचएआई पर 7 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ⏭ आगरा

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) पर यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आगरा में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने व वायु प्रदूषण फैलाने पर 6.84 करोड़ का जुर्माना लगाया है। 15 दिन में जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर एनएचएआई पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद समेत पूरे ताज ट्रिपेजियम जोन में पिछले पांच साल से राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, अंडरपास निर्माण, मरम्मत व ध्वस्तीकरण आदि कार्य लापरवाह ढंग से चल रहे हैं। टीटीजेड कमेटी की 47वीं बैठक में मामला उठा। टीटीजेड चेयरमैन व कमिश्नर आगरा अनिल कुमार ने प्रदूषण फैलाने पर कार्रवाई के आदेश दिए थे।



### सर्वे में पाई गई थी पर्यावरणीय क्षति

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यूपीपीसीबी टीम ने हाईवे पर निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का सर्वे किया। पर्यावरण व प्रदूषण मानकों का उल्लंघन पाया गया। निर्माण एवं ध्वस्तीकरण के समय प्रदूषण फैलने से रोकने के उपाय नहीं किए गए। नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। 1865 दिन के आकलन में एनएचएआई द्वारा पर्यावरणीय क्षति पाई गई।

## गोंडा में युवती समेत तीन लोगों के शव मिले

**गोण्डा (उप्र)।** गोण्डा-गोरखपुर रेल मार्ग पर शनिवार की सुबह एक युवती समेत तीन लोगों का शव मिले हैं। गोण्डा-गोरखपुर रेल खंड पर मनकापुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शनिवार की सुबह रेल लाइन के समीप तीन शव बरामद हुए। उनके पास मिले टिकट से पता चला कि तीनों यात्री बस्ती से गाजियाबाद जा रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को मृत युवती की हथेली पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ मिला। इस नम्बर पर बात करने पर मृतकों की पहचान रीता (18), राज (20) पुत्र मोहन दास और अनिल कुमार (21) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी जलालाबाद, जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई।